गैरसैंण, बुधवार
3 जनवरी 2024
वर्ष: 14
अंक: 231 पृष्ठ: 8
मूल्य: 2.00
RNI No.UTTHIN/2005/16338

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन: 9412081969 **email: nagendra.uniyal@gmail.com**

# मुख्यमंत्री ने कपकोट में किया 100 करोड़ की 37 योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास

## मुख्यमंत्री ने कपकोट, बागेश्वर में आयोजित चेलि ब्वारयूं कौतिक (मातृशक्ति उत्सव) कार्यक्रम में किया प्रतिभाग

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को जनपद बागेश्वर के विकास खण्ड कपकोट के केदारेश्वर मैदान में आयोजित (चेलि ब्वार्यूं कौतिक) मातृशक्ति उत्सव कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने लगभग 100 करोड़ की विभिन्न विभागों की विकास योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। जिसमें 19 करोड़ की 11 विभिन्न योजनाओं का लोकार्पण तथा 81 करोड़ की 26 योजनाओं का शिलान्यास सामिल है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुये मुख्यमंत्री ने जनपद बागेश्वर में नशा मुक्ति केंद्र की स्थापना, बागनाथ मंदिर बागेश्वर के संग्रहालय में 90 प्रतिमाओं की स्थापना किये जाने, बदियाकोट कर्मी तलाई में 100 एम.टी. गोदाम तथा आवासीय भवन का निर्माण किये जाने, विधानसभा क्षेत्र कपकोट के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को अपर जिला चिकित्सालय बनाये जाने, शामा में मल्टी लेवल पार्किंग का निर्माण किये जाने के साथ जनपद बागेश्वर के भराड़ी में मल्टी



पार्किंग से संबंधित प्रस्तावों को मंजूर किये जाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने सरयू के मूल स्थान को पर्यटन स्थल बनाये जाने की भी घोषणा की।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों एवं स्वयं सहायता समूह द्वारा लगाए गए स्टालों का अवलोकन किया। उन्होंने विभिन्न घाटियों में निर्मित हस्तशिल्प और हस्तकला उत्पादों की भी सराहना की। मुख्यमंत्री ने स्वयं भी तांबे के बर्तन में कलाकृतियां एवं रिंगाल की टोकरी भी बनाई। उन्होंने सशक्त मातृशक्ति सशक्त उत्तराखंड के तहत मातृशक्ति का पूजन कर शहीदों की वीरांगनाओं को भी सम्मानित किया। जनपद में साहसिक पर्यटन, आपदा प्रबन्धन गतिविधियों का भी अवलोकन कर मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हुये लाभार्थियों को चेक भी वितरित किए।

मुख्यमंत्री ने बाबा बागनाथ की पावन भूमि के साथ ही चेलि ब्यारयूं कौतिक कार्यक्रम में बडी संख्या में उपस्थित माताओं एवं बहनों को नमन करते हुये कहा कि बागेश्वर जिले हेतु लगभग 100 करोड़ की लागत से विभिन्न योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास, बागेश्वर जनपद के विकास में मील का पत्थर साबित होंगी। उन्होंने रैली एवं कार्यक्रम में जनता द्वारा दिए गए सम्मान के प्रति भी सभी का हृदय से आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखंड राज्य के निर्माण में मातृ शक्ति के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। मातृ शक्ति अपने परिवार के साथ ही समाज और प्रदेश हितों का भी ख्याल रखती हैं। मातृ शक्ति के सहयोग से ही समाज या राष्ट्र का संपूर्ण विकास संभव है।

श्रीरामजन्मभूमि फैसले को लेकर चीफ जस्टिस का बड़ा बयान

## बोले–सर्वसम्मति से लिए फैसले में संघर्ष के इतिहास को देखते हुए बनी थी एक राय



नई दिल्ली , सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने सुप्रीम कोर्ट की पीठ से पारित ऐतिहासिक फैसलों और उनसे जुड़े सवालों पर विस्तार से बात करते हुए कहा कि अयोध्या केस का फैसला जजों ने सर्वसम्मति से लिया था। उन्होंने कहा– अयोध्या में संघर्ष के लंबे इतिहास और विविध पहलुओं को ध्यान में रखते हुए ही इस केस से जुड़े सभी जजों ने फैसले पर एक राय बनाई। सीजेआई ने कहा कि सेम सेक्स मैरिज पर दिए फैसले को लेकर कहा कि फैसले के बाद जो भी नतीजे आए, उन पर कोई पछतावा नहीं है। वे उस फैसले की खूबियों पर टिप्पणी नहीं करेंगे, जिसमें समलैंगिक विवाह को कानूनी दर्जा देने से इनकार कर दिया गया था। जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा कि कई बार जिन मामलों में फैसला सुनाया गया उनमें मैं बहुमत वाले फैसलों में था और कई बार अल्पमत वाले फैसलों में था। एक न्यायाधीश के जीवन में अहम बात कभी भी खुद को किसी मुद्दे से नहीं जोडना़ है, जब भी मैं किसी मामले पर फैसला देता हूं तो उसे वहीं छोड़ देता हूं।



# सीएम ने किया 58 डोर-टू-डोर वाहनों का फ्लैग ऑफ



जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय से 'स्वच्छ भारत मिशन' के अन्तर्गत देहरादून शहर में अपशिष्ट प्रबंधन के लिए 58 डोर-टू-डोर वाहनों का फ्लैग ऑफ किया। इस अवसर पर उन्होंने सेग्रिगेशन पर आधारित गीत का विमोचन भी किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इन वाहनों की उपलब्धता से नगर निगम को अपशिष्ट प्रबंधन में काफी सुविधा होगी। कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में स्वच्छता की दिशा में लगातार कार्य किये जा रहे हैं। स्वच्छ भारत मिशन में हम सबको अपना पूरा योगदान देना है। स्वच्छ और सुन्दर दून के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। लोगों में स्वच्छता के प्रति तेजी से जागरूकता बढ़ी है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता के प्रति जागरूकता अभियान निरन्तर चलाये जाएं। मुख्यमंत्री ने जिन 58 डोर-टू-डोर वाहनों का फ्लैग ऑफ किया उनसे नगर निगम देहरादून के सात विधानसभा क्षेत्रों राजपुर, रायपुर, डोईवाला, धर्मपुर, सहसपुर, मसूरी एवं देहरादून कैंट क्षेत्र से अपशिष्ट प्रबंधन का कार्य किया जायेगा। डोर-टू-डोर कूड़ा एकत्रीकरण की व्यवस्था को मजबूत करने के लिए 3.98 करोड़ रूपये की धनराशि से स्पेशल असिस्टेंश स्कीम में नगर निगम द्वारा ये 58 वाहन क्रय किये गये हैं। इस अवसर पर शहरी विकास मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल, सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी, राज्यसभा सांसद नरेश बंसल, विधायक विनोद चमोली, उमेश शर्मा काऊ खजान दास, श्रीमती सविता कपूर, निवर्तमान मेयर सुनील उनियाल गामा, जिलाधिकारी देहरादून श्रीमती सोनिका, नगर आयुक्त देहरादून गौरव कुमार, अपर नगर आयुक्त वीर सिंह बुदियाल एवं नगर निगम देहरादून के अधिकारी उपस्थित थे।

# वाहन चालकों व ट्रांसपोर्ट कारोबारियों का तहसील में प्रदर्शन



ऋषिकेश। केंद्र सरकार की ओर से वाहन चालकों के लिए लाए गए नए कानून को लेकर ट्रांसपोर्ट कारोबारियों और वाहन चालकों ने आक्रोश जताया है। वाहन चालकों ने मंगलवार को भी हड़ताल जारी रखते हुए केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। उन्होंने नए नियमों को वापस लेने की मांग उठाई। मंगलवार को डोईवाला क्षेत्र में वाहन चालकों ने हड़ताल रखी। विभिन्न जगहों पर वाहन चालकों ने कॉमिशियल वाहनों को रोका। इसकी वजह से यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। इस बीच बड़ी तादाद में ट्रांसपोर्ट कारोबारियों और वाहन चालक डोईवाला तहसील पहुंचे। वहां उन्होंने धरना प्रदर्शन करते हुए उपजिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन प्रेषित किया और नए नियमों को रद्द करने की मांग उठाई। ट्रक एसोसिएशन डोईवाला के अध्यक्ष गौरव सिंह ने कहा कि पहले से जो कानून देश में लागू है, उसमें किसी कारणवश अगर एक्सीडेंट हो जाता था, तो ड्राइवर को जमानत का प्रावधान था। जबकि अब नये नियम में किसी कारण दुर्घटना हो जाये, तो ड्राइवर को दस वर्ष की सजा के साथ लाखों रुपये जुर्माने का प्रावधान किया गया है।

# भूमिगत नहर के निर्माण व जीर्णोद्धार के लिए विधायक ने किया भूमि पूजन

विकासनगर। विकासखण्ड विकासनगर अन्तर्गत हरबर्टपुर फतेहपुर सिंचाई नहर भूमिगत किये जाने कार्य एवं नहर सेवा मार्ग के जीर्णोद्धार कार्य को लेकर विकासनगर के विधायक मुन्नासिंह चौहान ने भूमि पूजन किया गया। नहर के जीर्णोद्धार व भूमिगत किये जाने के बाद अब क्षेत्र के लोगों के सामने सिंचाई व बरसात में जल निकासी की समस्या से निजात मिल सकेगा। भूमि पूजन के पश्चात विधायक मुन्नासिंह चौहान ने कहा कि कटापत्थर नहर सिंचाई प्रणाली के अन्तर्गत पृथ्वीपुर नहर से टी–कट नहर निकलती है।

इसी नहर से फतेहपुर नहर निकाली गई है। जिसकी लम्बाई 4.350 किमी, पानी का डिस्चार्ज 13 क्यूसेक व सीसीए 306 हैक्टेयर है। फतेहपुर नहर टी–कट नहर ग्राम बेलावाला से निकलकर विभिन्न आवासीय कालोनियों के मध्य से होकर हरबर्टपुर जाती है। विधायक चौहान ने कहा कि यह नहर वर्षाकाल में सिंचाई के साथ–साथ जल निकासी का कार्य भी करती है। कहा कि नहर के टेल भाग में नहर के जल निकासी का समस्त पानी के साथ कचरा भी आता है। कहा कि जो कि नहर के टेल भाग में आकर फंस जाता है जिससे पानी ओवरफ्लो होकर सडक पर बह कर आवासीय आबादी में घुस जाता था। विधायक ने कहा कि जिससे निजात पाने के लिए वर्तमान मे कम व्यास के पाईपों के स्थान पर एक हजार एमएम व्यास के पाईप डाले जाने का प्राविधान किया गया है। जिससे पाईपों की सफाई आसानी से की जा सके। उक्त उद्देश्यों की पूर्ति हेतु कुल लागत 312.88 लाख रूपये की योजना बनाई गई है। योजना के अनुसार फतेहपुर नहर में पांच सौ मीटरी लम्बाई में नहर को एक हजार एमएम व्यास के आरसीसीश्री ह्यूम पाइप द्वारा भूमिगत किया जाना प्रस्तावित है। प्रत्येक 50 मी० की दूरी पर ईंट चिनाई के चेम्बर का प्राविधान किया गया है। नहर सेवा मार्ग के सुदृढीकरण के लिए कंक्रिट पेवमेंट तथा सडक के दोनों किनारों पर बर्षा के पानी की निकासी के लिए सीसी में ड्रेन बनाने का प्राविधान किया गया है। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख जसविंदर सिंह बिट्टू, भूमि पूजन के मौके पर अखिल गोयल, मेघ श्याम, नीटू थापा, संतोष रावत, दिनेश कौशिक, संदीप चावला, सचिन रोहिल्ला, राहुल शर्मा, विनोद कश्यप, महेंद्र तोमर, पूनम चौहान, आशा चौहान, सुमित्रा चौहान, खुशबू पैलोनी, मुकेश शर्मा, बलदेव सिंह, ममता डोगरा आदि काफी संख्या में स्थानीय जनता मौजूद रही।

# राज्य आपदा न्यूनीकरण निधि के प्रस्तावों के अनुमोदन हेतु राज्य कार्यकारिणी समिति की बैठक



देहरादून। मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु की अध्यक्षता में मंगलवार को सचिवालय में राज्य आपदा मोचन निधि एवं राज्य आपदा न्यूनीकरण निधि के प्रस्तावों के अनुमोदन हेतु राज्य कार्यकारिणी समिति की बैठक आयोजित हुयी।

मुख्य सचिव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समिति में प्रस्तावों के लाने से पूर्व जिला स्तरीय एवं राज्य स्तरीय मूल्यांकन समिति द्वारा प्रस्तावों की जांच अनिवार्य रूप से करा ली जाए। उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर विभिन्न जनपदों द्वारा प्रस्तावों की स्वीकृति के लिए अलग–अलग प्रक्रियाएं अपनाई जा रही है।

इसमें सुधार लाए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने सभी जनपदों से सुझाव मांगते हुए प्रस्तावों के अनुमोदन के लिए एक समान प्रक्रिया अपनाए जाने के निर्देश दिए। शीतलहर को देखते हुए मुख्य सचिव ने जनपदों द्वारा आवश्यकता के अनुसार अतिरिक्त धनराशि के प्रस्ताव शासन को शीघ्र प्रेषित किए जाने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव की अध्यक्षता में आयोजित समिति की बैठक में वित्तीय वर्ष 2023–24 में राज्य में शीतलहर के प्रकोप से बचाव के लिए जनपद पौड़ी के लिए 15 लाख सहित बाकी 12 जनपदों को 10 – 10 लाख (कुल 135 लाख) आबंटित कर कार्योत्तर स्वीकृति सहित विभिन्न प्रस्तावों को स्वीकृति दी गयी।

# राजस्व बढ़ाने में मददगार साबित हो रही बिल लाओ इनाम पाओ योजनाः अग्रवाल

ऋषिकेश। वित्तमंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने बिल लाओ ईनाम पाओ योजना की उपलब्धियों के बारे में बताया। कहा कि यह योजना सरकार के राजस्व को बढ़ा रही है। उन्होंने योजना के अक्तूबर और नवंबर माह के कुल 163 विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए। लाभार्थियों ने योजना और सरकार के प्रयासों की प्रशंसा की। मंगलवार को राज्य कर विभाग ऋषिकेश कार्यालय में बिल लाओ ईनाम पाओ योजना के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वित्त मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि इस योजना के अंतर्गत पुरस्कार विजेताओं तथा पुरस्कार वितरण में पूर्ण पारदर्शिता रहे, इसीलिए इस प्रक्रिया में कोई मानवीय हस्तक्षेप नहीं रखा गया है। सारी कार्यवाही इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से पूर्ण की जाती है। योजना के तहत 1 सितम्बर 2022 से 1 जनवरी 2024 तक कुल 66,857 उपभोक्ता पंजीकृत हुये हैं, इनके द्वारा 3,89,112 बिल अपलोड किये गये हैं तथा जिनका कुल मूल्य लगभग 180 करोड़ रुपये है। यह आंकड़े दर्शाते हैं कि योजना को लेकर जनता में काफी उत्साह है



एवं उनके द्वारा अधिकाधिक बिलों को अपलोड किया गया है। योजना के अंतर्गत मासिक पुरस्कार दिए जाने की अवधि को दिनांक 30 नवम्बर, 2023 से बढ़ाकर 31 मार्च, 2024 तक किया गया है ' बीते वर्ष 2022–23 (माह दिसम्बर तक) 5596 करोड़ रुपये राजस्व की तुलना में वर्ष 2023–24 (माह दिसम्बर तक) में 6122 करोड़ रुपये राजस्व प्राप्त किया गया है। यह लगभग 9 प्रतिशत अधिक है। माह दिसम्बर 2022 में प्राप्त राजस्व 573 करोड़ रुपये की तुलना में माह दिसम्बर 2023 में प्राप्त राजस्व 684 करोड़ रुपये है, जो कि लगभग 19 प्रतिशत अधिक है ' वर्ष 2023–24 के लिए राज्य कर विभाग का बजटीय राजस्व लक्ष्य 8787 करोड़ रुपये रखा गया है ' इस क्रम में माह दिसम्बर, 2023 तक निर्धारित राजस्व लक्ष्य 6434 करोड़ रुपये के सापेक्ष 6122 करोड़ रुपये की प्राप्ति कर ली गयी है, जो कि निर्धारित राजस्व लक्ष्य का 95.15 प्रतिशत है ' इस दौरान योजना के तहत अक्तूबर और नवंबर के कुल 163 विजेताओं को स्मार्ट फोन, स्मार्ट वाच, एयर बड्स वितरित किए गए।

मौके पर मंत्री के ओएसडी ताजेन्द्र नेगी, अपर आयुक्त आईएस बृजवाल, अपर आयुक्त अनिल सिंह, अपर आयुक्त पीएस डुंगरियाल, संयुक्त आयुक्त संजीव सोलंकी, संयुक्त आयुक्त एसएस तिरवा, उपायुक्त राज्य कर जगदीश सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुमित पंवार, सुरेंद्र कुमार, प्रतीक कालिया, दिनेश पयाल, जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा कविता शाह,भगवान सिंह मेहर, दिनेश सती, नितिन सकसेना, शंभू पासवान, अरुण जुगलान, अरुण बडोनी, गुड्डी कालूड़ा, निवेदिता सरकार, सुधा असवाल, रीता गुप्ता, हिमानी कौशिक आदि उपस्थित रहे।

## लिस्ट्राबाद में पेयजल किल्लत से क्षेत्रवासी परेशान

ऋषिकेश। लिस्ट्राबाद में जल संस्थान का ट्यूबवेल खराब होने से क्षेत्र में पेयजल किल्लत गहरा गई है। इससे क्षेत्रवासी काफी परेशान हैं। बीती 29 दिसंबर को लिस्ट्राबाद ग्राम सभा में पेयजल के लिए लगा ट्यूबवेल खराब हो गया। इससे क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति ठप हो गई। क्षेत्रवासियों ने पेयजल किल्लत को लेकर अधिकारियों को सूचना दी। इसके बाद क्षेत्र में पानी के टैंकर के जरिए जल आपूर्ति की जा रही है। लेकिन इन टैंकरों के जरिए पर्याप्त पानी क्षेत्रवासियों को नहीं मिल पा रहा है। इससे क्षेत्रवासी परेशान हैं। भाजपा रानीपोखरी मंडल अध्यक्ष अरुण शर्मा ने कहा कि पानी के टैंकर से पानी की आपूर्ति की जा रही है, लेकिन ये पर्याप्त नहीं है। ऐसे में ट्यूबवेल को जल्द ठीक करवाया जाए। कहा कि जल निगम ने क्षेत्र में आधी अधूरी पेयजल लाइनें बिछा कर छोड़ दी है। ग्रामीण क्षेत्रों की बजाय प्लॉटिंग वाले क्षेत्रों में इन्हें बिछाया गया है। इसको लेकर भी कई बार विभागीय अधिकारियों को अवगत कराया गया, लेकिन अभी तक इस संबंध में कोई कार्रवाई नहीं हुई है। क्षेत्र में आए दिन पेयजल समस्या बनी रहती है।

## एमआईईटी कुमाऊं में पौधरोपण किया

**हल्द्वानी(सं)।** एमआईईटी कुमाऊं में राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से संस्थान के निदेशक डॉ. तरुण सक्सेना के जन्मदिन पर पौधरोपण किया गया।

इस दौरान एनएसएस इकाई के कार्यक्रम अधिकारी तारा दत्त तिवारी, अध्यक्ष मोहित सुयाल ने छात्रों के साथ पौधरोपण करने और उन्हें सुरक्षित रखने का संकल्प लिया। यहां डॉ. बीएस बिष्ट, डॉ. कमल रावत, डॉ. ललिता बिष्ट, हेमा नेगी, वात्सल्य शर्मा, पूजा जोशी, चरनजीत सिद्धू, आयुषी उपाध्याय, बीडी जोशी, विनोद बुढलाकोटी, कविता बिष्ट, सोनम भंडारी आदि मौजूद रहे।

## एनएसएस शिविर में स्वयं सेविकाओं ने किया श्रमदान

**हल्द्वानी(सं)।** पीएम श्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज कोटाबाग की एनएसएस शिविर के चौथे दिन स्वयं सेविकाओं ने राजीव गांधी नवोदय विद्यालय परिसर में श्रमदान किया।

इसके बाद नुक्कड़ नाटक से लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया। वहीं कोटाबाग स्वास्थ्य केंद्र की हेल्थ काउंसेलर निर्मला ने किशोरवस्था में होने वाली परेशानियों, सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव आदि से संबंधित जानकारी दी। बौद्धिक सत्र में हार्टफुलनेस संस्था के ट्रेनर एनवी सिंह, कमलेश पांडे की टीम ने योग व ध्यान की महत्ता बताई।

शिविर में रासेयो मंडल समन्वयक ललित मोहन पांडे, जिला समन्वयक जगमोहन नेगी, कार्यक्रम अधिकारी पूजा देवरानी, प्रेमलता तिवारी मौजूद रहीं।

## जुआ खेलते पांच गिरफ्तार

**काशीपुर(सं)।** कुंडा थाना पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से 6320 रुपये की नगदी व ताश की गाड़ी बरामद की है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ 13 जी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है।सोमवार की शाम सूर्या चौकी प्रभारी राजेंद्र प्रसाद पुलिस टीम के साथ गश्त पर थे। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने ग्राम बाबरखेड़ा स्थित शमशान घाट पर जुआ खेलते पांच लोगों को पकड़ लिया। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम ग्राम बाबरखेड़ा निवासी राजीव कुमार, गुरमीत सिंह, भारत सिंह, अशोक कुमार, कुंदन सिंह बताया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 6320 रुपये की नगदी व ताश की गड्डियां बरामद की हैं।

## तमंचे के साथ एक गिरफ्तार

**काशीपुर(सं)।** किसी घटना को अंजाम देने की नीयत से घूम रहे एक व्यक्ति को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से 32 बोर का एक तमंचा बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ 25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। सोमवार की देर रात कटोराताल चौकी प्रभारी नवीन बुधनी पुलिस टीम के साथ गश्त कर रहे थे। इस दौरान ईदगाह को जाने वाली पुलिया के पास एक घूम रहे संदिग्ध को पुलिस ने पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 32 बोर का तमंचा बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम रियाजुद्दीन हक उर्फ पप्पू पुत्र हबीब बख्श निवासी, तुफैल बाग बताया।

## गोवा का नटवरलाल एसटीएफ ने दून से गिरफ्तार किया

देहरादून। गोवा का नटवरलाल एसटीएफ ने देहरादून से गिरफ्तार किया है। आरोपी वहां कंस्ट्रक्शन कंपनी के 17 करोड़ रुपये अपने एकाउंट में ट्रांसफर कर फरार हो गया था। एसएसपी एसटीएफ आयुष अग्रवाल ने बताया कि गोवा पुलिस ने अशोक कुमार मौर्य पुत्र ओरियम मौर्य निवासी बशरतपुर, शाहपुर जिला गोरखपुर, यूपी के बारे में इनपुट साझा किया। बताया कि अशोक कुमार गोवा के सांताक्रुज नॉर्थ इलाके में रहकर वहां अदिति कंस्ट्रक्शन कंपनी में एकाउंट कार्यालय में नियुक्त था।

कई वर्षों तक कंपनी में काम कर विश्वास बनाया।

# काशीपुर में बस और ट्रकों के पहिये रहे जाम

**काशीपुर(सं)।** हिट एंड रन को लेकर केंद्र सरकार के नए कानून को लेकर बस और ट्रक ड्राइवर्स ने प्रदर्शन कर हड़ताल की। जहां आज दूसरे दिन टेम्पो और ई-रिक्शा वालों को भी बस व ट्रक चालक रोकते हुए नजर आए। इससे आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है हिट-एंड-रन कानून में संशोधन से भारतीय न्याय संहिता के तहत, दुर्घटनास्थल से भागने वाले ड्राइवरों के लिए सख्त दंड लगाता है। कानून के मुताबिक हिट-एंड-रन दुर्घटना के बाद मौके से भागने वाले ड्राइवर को 10 साल तक की जेल और 7 लाख का जुर्माना होगा। इसको गलत बताते हुए बस व ट्रक चालक इसको वापस लेने की मांग कर हड़ताल कर रहे हैं। मंगलवार को दूसरे दिन भी रोडवेज, प्राइवेट व ट्रक चालक हड़ताल पर रहे। जिसके चलते लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए



भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा और पूरे दिन जनजीवन अस्त-व्यस्त रहा। वहीं रोडवेज व ट्रक चालकों ने कानून के विरोध में प्रदर्शन किया। वहीं कई स्थानों पर बड़े वाहन चालक टेम्पो चालकों से नोकझोंक करते नजर आए। प्राइवेट बस चालकों ने टेम्पो रोक कर उनकी सवारियां उतार दी। वहीं लोगों में पेट्रोल व जल की किल्लत की खबरों को लेकर अफरा-तफरी का माहौल भी दिखाई दिया। इसके चलते लोग पेट्रोल पंप पर भीड़ लगाकर पेट्रोल व डीजल भरवाते हुए नजर आए। लोगों का कहना है कि उनको नहीं पता यह हड़ताल कब खत्म होगी। अगर यह हड़ताल लंबी चली तो उनके अपने निजी वाहन भी तेल की कमी के चलते बंद हो जाएंगे।

अफरा-तफरी के बीच पेट्रोल पंप पर लगी भारी भीड़ः हिट एंड रन कानून के विरोध में वाहन चालक हड़ताल पर रहे। जिसमें पेट्रोल पंप के टैंकर चलाने वाले चालक भी शामिल हैं। टैंकर चालकों के भी हड़ताल में शामिल होने की सूचना के बाद आम जनता में अफरा तफरी का माहौल फैल गया। जिसके चलते भारी संख्या में लोग पेट्रोल पंपों पर पहुंचते हुए दिखे। जहां पर वह अपनी गाड़ियों की टंकी फुल कराते हुए नजर आए। लोगों ने बताया कि उनको आशंका है कि अगर यह हड़ताल लंबी चलती है, तो उनके अपनी गाड़ियों के पहिए भी थम जाएंगे। इसी के चलते वह अपनी गाड़ियों की टंकी फुल कर रहे हैं।

## गोशाला निर्माण को 4.26 हेक्टेयर भूमि पर निगम को मिला कब्जा

**हल्द्वानी(सं)।** हल्दूचौड़ के गंगापुर कबडवाल में गोशाला बनाने के लिए नगर निगम ने करीब 4.26 हेक्टेयर भूमि पर कब्जा ले लिया है। मंगलवार को मौके पर पहुंची अफसरों की टीम ने भूमि की पैमाइश कर चहारदीवारी बनाने का काम शुरू कराया। लावारिश गोवंशीय पशुओं के लिए नगर निगम ने गंगापुर कबडवाल में भूमि का चयन किया था। बीते साल अक्तूबर में राजस्व और नगर निगम की टीम भूमि हस्तांतरण के लिए मौके पर पहुंची। लेकिन ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने विरोध शुरू कर दिया था। इधर, मंगलवार को तहसील लालकुआं के इस गांव में दोनों विभाग फिर से पहुंचे। भूमि से संबंधित सभी दस्तावेज अपने साथ ले गई टीम ने विरोध की नौबत नहीं आने दी। पैमाइश के बाद जेसीबी लगाकर चाहरदीवारी बनाने का काम शुरू कराया।

## बाजपुर चीनी मिल से ट्रैक्टर चोरी में 36 घंटे बाद भी मुकदमा नहीं

**काशीपुर(सं)।** चीनी मिल के गन्ना यार्ड से चोरी हुए किसान के ट्रैक्टर मामले में पुलिस ने 36 घंटे बाद भी केस दर्ज नहीं किया है। हालांकि पुलिस ने ट्रैक्टर की ढूंढखोज शुरू कर दी है। अभी तक पुलिस की जांच में सामने आया है कि चोरी हुआ ट्रैक्टर चीनी मिल से निकलकर बाजपुर की मलेरिया रोड से होता हुआ गदरपुर तथा उसके बाद नवाबगंज से यूपी को चला गया है।

ग्राम अजीतपुर काशीपुर निवासी जगराज सिंह का गन्ना लेकर चालक सरफराज निवासी अलीगंज चीनी मिल में बीते शनिवार को आया था। ये ट्रैक्टर अलीगंज निवासी मुकीम पुत्र शौकीन शाह का था। चालक सरफराज रविवार की देर रात ट्रैक्टर ट्रॉली को गन्ना यार्ड में खड़ी कर किसान विश्राम गृह में चला गया था। रात करीब 11 बजे उसका ट्रैक्टर चोरी हो गया जबकि गन्ने से भरी ट्रॉली को चोर छोड़कर गये। इसके बाद किसानों ने इसकी सूचना पुलिस तथा चीनी मिल प्रबंधन को दी थी। लिखित तहरीर देने के बाद भी पुलिस ने ट्रैक्टर चोरी का मुकदमा दर्ज नहीं किया लेकिन सीओ भूपेंद्र सिंह भंडारी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए एसएसआई गोविंद मेहता एवं कस्बा इंचार्ज देवेंद्र मनराल के नेतृत्व में दो टीमों का गठन किया।

सीओ भूपेंद्र सिंह भंडारी ने बताया कि सीसीटीवी कैमरों को खंगालने के बाद पता चला है कि ट्रैक्टर चोर ट्रैक्टर को गदरपुर ले गये तथा वहां से नवाबगंज होते हुए यूपी चले गये। उन्होंने बताया कि यूपी क्षेत्र में टीमों ने डेरा डाल दिया है जल्द ही चोरों को पकड़ लिया जाएगा।

## एकता सैनी मिस और मो . आरिफ मिस्टर फेयरवेल

काशीपुर(सं)। आरएलएस मेमोरियल डिग्री कॉलेज के बीएड अंतिम वर्ष के छात्रों के विदाई समारोह में रंगारंग कार्यक्रम हुये। यहां मोहम्मद राशिद को स्टूडेंट ऑफ द ईयर, एकता सैनी मिस फेयरवेल, मो.आरिफ को मिस्टर फेयरवेल से नवाजा गया। मंगलवार को कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था सचिव विनय चौहान, प्राचार्या डॉ. भुवनेश कुमारी ने किया। छात्र-छात्राओं ने नृत्य, गान, दोहों, कविताओं एवं प्रेरणात्मक भाषणों की प्रस्तुति दी। छात्र-छात्राओं में भावना शिवानी, फराह, पूजा नेगी, मनप्रीत, रश्मि, शिवानी, अंजली, एकता सैनी, निखिल, योगेंद्र आदि की प्रस्तुति की सराहना की। प्राचार्य एवं विभागाध्यक्ष ने मेधावी छात्र-छात्राओं को स्मृति चिह्न एवं एवं पट्टी प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन कृष्णा चक्रवर्ती ने किया। यहां विवेक कुमार वत्सल, शिवानी चौहान, प्रीति वर्मा, गीता चौधरी, कुणाल चौहान, विवेक कुमार, मौ. राशिद आदि मौजूद रहे।

# भीमताल में निकाली अक्षत कलश शोभायात्रा

**हल्द्वानी(सं)।** श्रीराम मंदिर के उद्घाटन समारोह के उपलक्ष्य में मंगलवार को भीमताल में अयोध्या से आए अक्षत कलश की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया।

भगवान राम, लक्ष्मण, सीता और बजरंगबली की भव्य झांकियां निकाली गईं मंगलवार को अक्षत कलश यात्रा का शुभारंभ साधु संतों ने किया। इसके बाद यात्रा ब्लॉक रोड, मुख्य बाजार, तिकोनिया चौराह, कचुला देवी मंदिर से होते हुए भीमेश्वर महादेव मंदिर पहुंची। जहां प्रसाद वितरण कर यात्रा का समापन किया गया। सैकड़ों की संख्या में मातृ शक्ति, विधार्थियों, बच्चों, युवाओं, बुजुर्गों और जनप्रतिनिधियों ने बढ़ चढ़ कर प्रतिभाग



किया। संपूर्ण नगरी श्रीराम के जयकारों से गूंज उठी। शोभा यात्रा में जगह-जगह पुष्प वर्षा की गई। आयोजकों ने बताया कि बुधवार से घर-घर जाकर अक्षत वितरित किया जाएगा।

22 जनवरी को भीमताल के पांच मंदिरों में सुंदर कांड और प्रसाद वितरण किया जाएगा। यहां कार्यक्रम संयोजक पुष्कर मेहरा, नितिन राणा, मनोज भट्ट, प्रदीप पाठक, कमला आर्य, पंकज जोशी, संदीप पांडे, शरद पांडे, रवि कुमार, विनीत जोशी, आशु पाठक, योगेश तिवारी, कमलेश रावत, गौतम मटियाली, पारस चंद्र, प्रकाश आर्य, कमला कार्की, पूजा मेहरा, शिप्रा जोशी, भावना पांडे, विनोद पंत, जया बोरा, सुनीता पांडे, लता पलडिया आदि रहे।

## बुधवार से कुमाऊं में ठप होगा टैक्सियों का संचालन

**हल्द्वानी(सं)।** कुमाऊं में रोडवेज के बाद बुधवार से महासंघ टैक्सी यूनियन कुमाऊं मंडल से जुड़ी 40 हजार टैक्सियों के पहिए भी जाम रहेंगे। ऐसे में पहाड़ी क्षेत्रों में आवाजाही करने वाले लोगों के सामने दोहरा संकट खड़ा हो जाएगा। हिट और रन कानून में किए गए बदलाव का पूरे देश में चालक विरोध कर रहे हैं। कानून के विरोध में कुमाऊं के टैक्सी चालकों ने भी हड़ताल का निर्णय लिया है। महासंघ का कहना है कि दुर्घटना होने की दशा में चालक को दस साल तक की सजा और 5 लाख रुपये तक अर्थदंड लगाए जाने का प्रावधान किया जाना सही नहीं है। नए नियम लागू कर चालकों की रोजी-रोटी को संकट में डालने का काम किया जा रहा है। इसके विरोध में की जा रही हड़ताल में निजी टैक्सी चालकों ने भी शामिल होने का फैसला लिया है। महासंघ के मुख्य संरक्षक भारत भूषण ने बताया कि बुधवार से हड़ताल की पूर्व सूचना परिवहन विभाग के अधिकारियों को दे दी गई है। वहीं काठगोदाम टैक्सी यूनियन के अध्यक्ष विक्रम सिंह अधिकारी ने कहा कि पूरे देश में चल रही चालकों की हड़ताल का टैक्सी चालक भी समर्थन कर रहे हैं।

## एटीएम लूट का एक और आरोपी गिरफ्तार

**काशीपुर(सं)।** एसबीआई के एटीएम लूट के मामले में पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से तमंचा व 70 हजार की नगदी बरामद की है। पकड़ा गया आरोपी गांव शाहपुर थाना गंगोह जिला सहारनपुर निवासी है। पुलिस मामले में तीन आरोपियों को पूर्व में ही गिरफ्तार कर चुकी है। 19 दिसंबर की रात बदमाश रामनगर रोड स्थित एसबीआई की मुख्य शाखा के बाहर लगे 11.13 लाख की नगदी के भरे एटीएम को उखाड़ कर ले गए थे। मामले में पुलिस ने घटना का खुलासा कर गांव समसपुर कलां थाना सिरसावां निवासी नाजिम पुत्र कदीर, ग्राम बैगीनाजर, थाना गंगोह निवासी तासिम उर्फ काला उर्फ पहलवान पुत्र आशिक अली और ग्राम शाहपुर थाना गंगोह निवासी शमशुद्दीन उर्फ शम्शु पुत्र मोहम्मद हसन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। जबकि इस मामले में गांव शाहपुर थाना गंगोह जिला सहारनपुर निवासी इंतेजार पुत्र असगर फरार चल रहा था। उसे भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मंगलवार को एएसपी अभय सिंह ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि पुलिस ने गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर घटना में वांछित आरोपी इंतजार को पुराना ढेला पुल के पास से गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से एक 12 बोर तमंचा, एक जिंदा कारतूस व 70 हजार रुपये बरामद किए हैं। आरोपी ने पुलिस पूछताछ में बताया कि उसके द्वारा अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर काशीपुर, राजस्थान में कोटपुतली, चौमू तथा मथुरा में भी घटनाओं को अंजाम दिया है। आरोपी पर पूर्व में पांच मुकदमे दर्ज हैं। ये रहे टीम में शामिलः कोतवाल मनोज रतूड़ी, एसएसआई प्रदीप मिश्रा, एसआई नवीन बुधानी, एसआई सुनील सुतेड़ी, एसआई प्रकाश बोरा, प्रेम सिंह कनवाल, सुरेंद्र सिंह, गौरव सनवाल व एसओजी के कुलदीप सिंह।

## बाजपुर में हाईवे पर सड़क हादसे, दो युवकों की मौत

**काशीपुर(सं)।** अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। मौत की सूचना से परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने दोनों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। सोमवार की देर रात करीब 9 बजे गांव चकरपुर निवासी अजय कुमार (30) पुत्र किशोरी लाल मूल निवासी रामपुर के गांव सिंगन खेड़ा नेशनल हाईवे स्थित गांव कनौरा में बाइक अनियंत्रित होने से गिर गया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। लोगों ने पुलिस की मदद से घायल को एंबुलेंस से सीएचसी भेजा, पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल परिसर में लोगों की भीड़ लग गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों ने बताया कि मृतक अजय कुमार स्टोन क्रशर पर काम करता था और उसका एक साल का छोटा बच्चा है। दूसरा हादसा मंगलवार को नेशनल हाईवे 74 पर मदर इंडिया स्कूल के सामने हुआ।

## बाढ़ से कटाव रोकने के लिए बनाएं चैक डैम

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : वार्ड नंबर 19 ग्राम पश्चिमी ध्रुवपुर के लोगों ने बाढ़ से होने वाले नुकसान को रोकने के लिए सुखरौ नदी पर चैक डैम बनाने की मांग की है।

इस संबंध में ग्रामीण राकेश बिष्ट, जसपाल सिंह, तीरथ सिंह नेगी ने विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण को ज्ञापन दिया। कहा कि प्रति वर्ष बाढ़ में ध्रुवपुर, सिम्बलचौड़, नयागांव, बलभद्रपुर क्षेत्र को भारी नुकसान होता है। ऐसे में लगातार जान-माल का खतरा बना रहता है। कहा कि लगातार नदी अपना मूल स्थान बदल रही है। कहा कि लोगों की सुविधा को देखते हुए जल्द चैक डैम बनाए जाने चाहिए। साथ ही सुरक्षा दीवार निर्माण पर भी गंभीरता दिखाई जानी चाहिए।

## हॉकी का ट्रायल आज

**कोटद्वार** : राजकीय स्पोर्टस स्टेडियम में जनपद की हॉकी ओपन पुरूष वर्ग की टीम का चयन ट्रायल आज बुधवार को किया जाएगा। हाकी टीम का चयन ट्रायल सांय तीन बजे से शुरू होगा। स्टेडियम इंचार्ज संदीप कुमार डुकलान ने बताया कि जिला खेल कार्यालय देहरादून की तरफ से 9 से 12 जनवरी तक महाराणा प्रताप स्पोर्टस कालेज में राज्य स्तरीय ओपन पुरूष वर्ग की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए जनपद पौड़ी टीम का चयन किया जाना है। उन्होंने बताया कि 17 जनवरी से 20 जनवरी तक राजकीय स्टेडियम में भी अंडर-16 बालक वर्ग की राज्य स्तरीय हाकी प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। चयन ट्रायल के लिए खिलाड़ियों को अपने मूल निवास, स्थाई निवास प्रमाण पत्र साथ लाने अनिवार्य है

## कर्मचारियों ने विकसित भारत संकल्प यात्रा की ली शपथ

**सतपुली** : नगर पंचायत सतपुली में विकसित भारत संकल्प यात्रा को सफल बनाने के उद्देश्य से विभिन्न विभागों के स्टाल लगाए गए। निर्वतमान नपा अध्यक्ष अंजना वर्मा ने विभागीय कर्मचारियों व अधिकारियों को विकसित भारत संकल्प यात्रा की शपथ भी दिलाई। मंगलवार को राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टाल लगाकर महत्वपूर्ण जानकारी लोगों को प्रदान की गई। इस दौरान मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत सरकारी योजना के लाभार्थियों ने अनुभव साझा किए साथ ही बड़ी स्क्रीन पर प्रधानमंत्री के संबोधन को सुना गया। इस दौरान हिट एंड रन कानून के विरोध में चल रही हड़ताल का असर भी रहा। जिसके चलते दूर दराज के ग्रामीण इस कार्यक्रम में नहीं पहुंच सके। निर्वतमान नपा अध्यक्ष अंजना वर्मा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस मौके पर सत्यनारायण वेदी, नपा अधिशासी अधिकारी सीमा रावत, नाजिर गिरिश जोशी, भाजपा महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष रेनू घिल्डियाल, वेद प्रकाश वर्मा, हर्षपति गौड़ आदि मौजूद रहे।

## सतपुली में पूजित अक्षत वितरित किए

**सतपुली** : नगर पंचायत में श्री राम जन्मभूमि मंदिर से पूजित अक्षत वितरित किए गए। मंगलवार को राधाकृष्ण मंदिर परिसर में पुजारी धनीराम धस्माना ने पूजित अक्षतों की विधिवत पूजा अर्चना की। इसके बाद अक्षत कलश यात्रा के खंड सतपुली अध्यक्ष पुष्पेंद्र राणा की मौजूदगी में स्थानीय लोगों को पूजित अक्षत के साथ प्रसाद, पत्रक एवं भगवान राम का चित्र भी वितरित किया गया। इस दौरान अध्यक्ष ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि 22 जनवरी अयोध्या में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह को भक्ति भाव से सभी के साथ देखें घरों को सजाये व प्रसाद वितरित करें। इस अवसर पर व्यापार संघ अध्यक्ष जयदीप नेगी, महामंत्री धीरेंद्र नेगी, रजनीश जुयाल आदि शामिल रहे।

# अफसर औपचारिकता वाली मानसिकता से ऊपर उठें : डीएम

## डीएम ने ली समग्र शिक्षा और पोषण अभियान की समीक्षा बैठक

जयन्त प्रतिनिधि।

**पौड़ी :** जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में शिक्षा विभाग और संबंधित अधिकारियों के साथ समग्र शिक्षा अभियान और पोषण अभियान की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी।

जिलाधिकारी ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि मात्र औपचारिकता वाली मानसिकता से ऊपर उठें तथा बजट को ऐसे कार्यों में और योजनाओं में इस तरह से खर्च करें, ताकि उसका वास्तव में कोई आउटकम निकलें। बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए ऐसी विधाओं, रचनात्मक और व्यावहारिक गतिविधियों को बढ़ावा दें, जिससे बच्चा उस फिल्ड में विशेषज्ञता हासिल कर सके तथा आगे चलकर उस विधा से वह अपनी पहचान बना सके एवं रोजी-रोटी का जुगाड़ भी कर सके। उन्होंने बच्चों को आधुनिक तकनीक में दक्ष बनाने, राष्ट्र, समाज व पर्यावरण के



डीएम डॉ. आशीष चौहान बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते हुए।

प्रति संवेदनशील और कर्तव्यनिष्ट बनाने के लिए शिक्षण-प्रशिक्षण को उसी अनुरूप ढालने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने जनपद के मानसिक रिटायर्ड दिव्यांगजनों का अच्छे साइकोलॉजिस्ट से स्वास्थ्य परीक्षण कराने के निर्देश देते हुए कहा कि ऐसे बच्चों में जिसका भी अभाव दिखता है तो उसका सिस्टमैटिक तरीके से इलाज करायें, ताकि ऐसे बच्चे भी समाज की मुख्यधारा से अपने-आपको आसानी से एडजस्ट कर सके तथा अपना बेहतर जीवन जी सके। उन्होंने शिक्षा में गुणवत्ता सुधार और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए आधुनिक सर्वोत्तम तकनीक का उपयोग करने तथा वर्तमान समय में संचालित हो रही स्मार्ट क्लास और वर्चुअल कक्षा के क्या आउटकम प्राप्त हो रहे हैं उसका एक माह में अध्ययन करते हुए उसमें समय सापेक्षा तद्नुसार परिवर्तन करने के निर्देश दिये।

जिलाधिकारी ने शिक्षा को समयानुकुल बनाने के लिए समय-समय पर शिक्षकों को भी व्यावहारिक और प्रासंगिक प्रशिक्षण प्रदान करने, शिक्षा की गुणवत्ता सुधार के लिए पीएमश्री योजना के निर्देशों को आत्मसात करने को कहा। इस दौरान बैठक में मुख्य शिक्षा अधिकारी दिनेश चंद गौड़, अधिशासी अभियंता जल संस्थान एसके रॉय सहित विभिन्न खंड विकास अधिकारी, उप खंड विकास अधिकारी, प्रधानाचार्य व अन्य उपस्थित थे।

# उदयरामपुर की टीम ने जीता क्रिकेट मैच

## शहीद मुकेश बिष्ट की स्मृति में आयोजित की गई प्रतियोगिता

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : शहीद मुकेश बिष्ट की स्मृति में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। इस दौरान उदयरामपुर की टीम ने मोटाढांक को हराया।

मोटाढांक मिनी स्टेडियम में आयोजित टूर्नामेंट का शुभारंभ विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने किया। विधानसभा अध्यक्ष ने युवाओं को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कहा कि खेल से जुड़कर युवा अपना बेहतर भविष्य बना सकते हैं।

आज कई युवा खेल के माध्यम से अपने देश व प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं। इसके उपरांत उदय रामपुर की टीम ने टास जितकर पहले बल्लेबाजी करते हुए दस ओवर में 89 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए मोटाढांक की टीम 80 रन पर ही आउट हो गई।

मैच से सबसे अधिक रन व विकेट लेने



कोटद्वार में आयोजित टूर्नामेंट में खिलाड़ियों से मिलती विस अध्यक्ष

वाले खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर तरूण ईष्टवाल, मनोज पांथरी, राजेंद्र बिष्ट, रामेश्वरी देवी आदि मौजूद थे।

## ठेकेदारों ने भुगतान की मांग को लेकर किया प्रदर्शन

**पौड़ी** : पंजीकृत ठेकेदारों ने सालों से लंबित पड़े भुगतान को जल्द करने की मांग को लेकर राष्ट्रीय राजमार्ग खंड लोनिवि कार्यालय धुमाकोट जड़ाऊखाद में धरना प्रदर्शन किया। कहा कि 15 दिनों के भीतर भुगतान नहीं होने पर कार्यालय पर तालाबंदी के साथ ठेकेदार कार्यालय परिसर में ही भूख हड़ताल शुरू करने को मजबूर होंगे ठेकेदारों का कहना है कि पिछले पांच साल पहले पूरे हो चुके निर्माण कार्यों का भुगतान विभाग द्वारा नहीं किया जा सका है। जिसके चलते ठेकेदारों को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। कई बार विभागीय अधिकारियों से मौखिक व लिखित मांग करने के बावजूद अभी तक समस्या का समाधान नहीं हो सका है। ठेकेदारों का कहना है कि लंबे समय से भुगतान न होने के चलते उनकी आर्थिक दशा खराब हो गई है। समस्या का समाधान न होने के कारण एनएच कार्यालय के समक्ष अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू किया गया है। धरना प्रदर्शन में विजयपाल सिंह, गोपाल सिंह, बीरेंद्र सिंह, रणजीत सिंह, पंकज पटवाल, दरवान सिंह, हर्षपाल सिंह, सत्येंद्र रावत आदि शामिल रहे।

# शिविर में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन

जयन्त प्रतिनिधि

**कोटद्वार :** राजकीय इंटर कालेज कोटद्वार की राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर विद्यालय सभागार में शुरू हो गया है। इस दौरान बच्चों की रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

मुख्य अतिथि पीटीए अध्यक्ष महेंद्र अग्रवाल एवं विशिष्ट अतिथि एनएसएस के जिला प्रभारी परितोष रावत ने दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया। इस अवसर पर महेंद्र अग्रवाल ने कहा कि सेवा कार्य सबसे बड़ा धर्म है।




एक कर्तव्यशील नागरिक को सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहना चाहिए।

विशिष्ट अतिथि परितोष रावत ने कहा कि आज इस संगठन के माध्यम से देश के छात्र एवं युवा सेवा कार्यों में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। तत्पश्चात स्वयंसेवी छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस दौरान प्रधानाचार्य मुकेश रावत, डा. पदमेश बुडाकोटी, मनमोहन सिंह चौहान, एनएसएस प्रभारी भारत सिंह नेगी एवं देवेंद्र रावत सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# निर्वाचन के कार्यों में अनुशासन से किसी भी तरह का नहीं होगा समझौता : डीएम

## प्रशिक्षण कार्यक्रम से 10 सैक्टर मजिस्ट्रेट रहे अनुपस्थित

जयन्त प्रतिनिधि।

**पौड़ी** : जनपद के संस्कृति भवन (प्रेक्षागृह) में मंगलवार को जनपद में निर्वाचन ड्यूटी के संपादन हेतु तैनात किये गये सैक्टर मजिस्ट्रेट (सामान्य और पुलिस मजिस्ट्रेट) का प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। मंगलवार को 120 सैक्टर मजिस्ट्रेट का प्रशिक्षण कार्यक्रम था, जिसमें से कुल 110 उपस्थित रहे तथा 10 अनुपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने अनुपस्थित रहे सैक्टर मजिस्ट्रेट के संबंध में निर्देश दिये हैं कि उनका तत्काल स्पष्टीकरण लिया जाय। कहा कि बिना वाजिब कारण के चलते कोई अनुपस्थित पाया जाता है तो उसके विरूद्ध जनप्रतिनिधित्व अधिनियम की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत कार्यवाही की जायेगी। कहा कि निर्वाचन के कार्यों में अनुशासन से किसी भी तरह का समझौता नहीं किया जायेगा।



डीएम डॉ. आशीष चौहान प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी ईला गिरी, जिला विकास अधिकारी मनविन्दर कौर, दीपक रावत, प्रवीन सैनी और संतोष सिंह आदि मास्टर ट्रेनरों द्वारा सैक्टर मजिस्ट्रेटों को चुनाव से पूर्व और चुनाव के दौरान निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप संपादित किये जाने वाले दायित्वों को प्रेजेन्टेशन के माध्यम से प्रशिक्षण दिया। इस दौरान जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे सैक्टर मजिस्ट्रेटों को निर्देशित किया कि निर्वाचन के कार्यों को बहुत ही गंभीरता और ध्यान पूर्वक संपादित करना चाहिए। क्योंकि इसमें गलती की कोई गुंजाइश नहीं होती। उन्होंने सभी को जाति, लिंग, क्षेत्र, संप्रदाय, पार्टी विशेष आदि से ऊपर उठकर पारदर्शिता, निष्पक्षता और निर्भिकता से अपने दायित्वों को संपादित करने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी सैक्टर मजिस्ट्रेटों को अपने-अपने दिये गये पोलिंग स्टेशन में जाकर वहां पर ईएमएफ (ऐश्योर्ड मिनिमम फैसिलिटी) को चैक करने तथा वलनरेबल मतदेय स्थलों का एक बार पुनः परीक्षण करते हुए निर्धारित प्रारूप में उसका विवरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिये।

# तहसील दिवस में डीएम ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं



जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : क्षेत्रीय जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी सौरभ गहरवार की अध्यक्षता में आज तहसील रुद्रप्रयाग सभागार में वर्ष-2024 का प्रथम तहसील दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्रीय जनता एवं जन प्रतिनिधियों द्वारा 08 शिकायतें दर्ज की गई, जिसमें 03 का मौके पर ही निराकरण किया गया। शेष शिकायतों को निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को प्रेषित किया गया।

आयोजित तहसील दिवस के अवसर पर चैकी वर्सिल के ग्रामीणों ने पेयजल पाइप लाईन क्षतिग्रस्त होने व राजकीय प्राथमिक विद्यालय में एकल शिक्षक की तैनाती संबंधी शिकायत दर्ज की। प्रधान सांदर भूपेंद्र सिंह जगवाण ने पोखरी मोटर मार्ग से सांदर तक मार्ग का निर्माण न किए जाने की शिकायत की। सांदर निवासी भूपेंद्र सिंह ने सांदर गांव के समीप बेसहारा पशुओं के लिए बने गौशाला सड़क मार्ग से दूर होने की समस्या से अवगत कराते हुए सीसी मार्ग निर्माण की आवश्यकता बताई। इस तरह आयोजित तहसील दिवस पर कुल 08 शिकायतें दर्ज की गई। जिनमें जिलाधिकारी ने 03 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण करवाया, जबकि शेष शिकायतों का निराकरण हेतु संबंधित विभागों को प्रेषित किया गया। इस मौके पर जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सरकार व प्रशासन की प्राथमिकता है कि क्षेत्र की जनता की समस्याओं का यथासंभव प्राथमिकता से निराकरण किया जाए। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आज आयोजित तहसील दिवस के अवसर पर जो भी शिकायतें क्षेत्रीय जनता एवं जन प्रतिनिधियों द्वारा दर्ज कराई गई हैं उन पर सभी अधिकारी शीघ्र कार्यवाही करते हुए शीर्ष प्राथमिकता के साथ निराकरण करना सुनिश्चित करें। इसमें किसी भी प्रकार की कोई शिथिलता एवं लापरवाही न बरती जाए।

# शिविर में 30 स्वयं सहायता समूह को बांटा ऋण

जयन्त प्रतिनिधि।पौड़ी : उत्तराखंड ग्रामीण बैंक शाखा दिवली के तत्वाधान में विकास खण्ड यमकेश्वर में एन.आर.एल.एम. महिला स्वयं सहायता समूह के वित्त पोषण कैंप का आयोजन किया गया। वित्त पोषण ऋण शिविर में 30 स्वयं सहायता समूह को लगभग 54 लाख व अन्य विभिन्न योजनाओं के 60 लाख से अधिक का ऋण वितरण किया गया। परियोजना निदेशक डीआरडीए संजीव कुमार रॉय ने वहां उपस्थित महिलाओं को अधिक से अधिक से स्वरोजगार स्थापित करते हुए अन्य महिलाओं को भी स्वरोजगार से जोड़ने को कहा। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनका लाभ लोगों को समय पर लेना चाहिए, जिससे स्वरोजगार कर आर्थिकी मजबूत कर बन सकेगी। इसके अलावा उन्होंने बैंकिंग योजनाओं की जानकारी भी दी। वित्त समन्वयक धंनजय प्रसाद भट्ट ने बताया कि जनपद पौड़ी में उत्तराखंड ग्रामीण बैंक द्वारा 1100 स्वयं सहायता समूह के सीसीएल वितरण कर जनपद में अग्रणी बैंक के रूप में काम किया जा रहा है। उत्तराखण्ड राज्य में उत्तराखंड ग्रामीण बैंक द्वारा महिला स्वयं सहायता समूह को बैक लिंकेज में 10 हजार से अधिक स्वयं सहायता समूह को वित्त पोषित किया जा चुका है। वित्त पोषण शिविर में उत्तराखंड ग्रामीण बैंक के अध्यक्ष हरिहर पटनायक, क्षेत्रीय प्रबंधक प्रवीण गोयल, शाखा प्रबंधक दिवली अमित काला, प्रभारी खंड विकास अधिकारी जगमोहन सिंह बिष्ट व विभिन्न गांव से आई हुई 30 महिला स्वयं सहायता समूह के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## लोगों को द्रुत ऐप इंस्टॉल करने को किया जागरूक

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : बस अड्डे पर तैनात होमगार्ड विभाग के जवानों द्वारा नागरिक सुरक्षा एवं होमगार्ड विभाग देहरादून द्वारा लागू किए गए मददगार एप की जानकारी लोगों के साथ साझा की जा रही है। बताया कि लोगों को द्रुत ऐप इंस्टॉल करने के लिए जागरुक करते हुए लिंक साझा कर प्रयोग की विधि भी विस्तार से बताई जा रही है। होमगार्ड के जवान अमित किशोर ने बताया कि लोगों के लिए डायल 112 और 108 प्लेन सेवा से भी तेज गति से कार्य करने वाला एक ऐप सरकार की ओर से लांच किया गया है।

**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**ई-नीलामी**

मुरादाबाद मंडल के Haridwar Station पर **"Contract for packing of two wheeler and other parcel packing service near outward parcel shed"** 3 साल हेतु ई-नीलामी के तहत **दिनांक 16.01.2024 टाइम 10:00 am** को बोली आमंत्रित करने हेतु सूचना हिंदी एवं अंग्रेजी में संलगन कर प्रकाशन हेतु आपके पास भेजी जा रही है। ई-नीलामी **दिनांक 16.01.2024** को **www.ireps.gov.in** के माध्यम से आमंत्रित की जाएंगी। इसके लिए विस्तृत नियम और शर्तें वेबसाइट पर ही उपलब्ध हैं।

13/2024 **कृते वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/फ्रेट**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# ईवीएम और वीवी पैट मशीन की दी जानकारी



जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : जिला निर्वाचन अधिकारी पौड़ी गढ़वाल के आदेश अनुसार एवं भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा 38 विधानसभा श्रीनगर के सुदूरवर्ती क्षेत्र में मतदाता जागरूकता अभियान 2024 के तहत ईवीएम मशीन एवं वीवी पैट का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण संदर्भदाता संतोष पोखरियाल एवं कमल रावत ने कहा कि वीवीपैट एक ऐसा सिस्टम है, जिससे मतदाता पेपर स्लिप के रुप में अपने द्वारा डाले मत की पुष्टि कर सकता है।

राजकीय इंटर कॉलेज थलीसैंण में ईवीएम कंट्रोल यूनिट वैलिट यूनिट तथा वीवी पैट का प्रस्तुतीकरण कर पूरे सदन को समझाया की वैलिट यूनिट में मत देने के पश्चात मतदाता को स्लिप वीवी पैट पर दिखाई देगी। जिससे मतदाता को यह सुनिश्चित होगा कि जिस भी प्रत्याक्षी के पक्ष में मतदाता ने मत का प्रयोग किया वह वीवी पैट पर दिखाई दे रहा है। उन्होंने नोटा के बटन का भी उल्लेख कर पूरे सदन को बताया। इस अवसर पर 66 व्यक्तियों ने मशीन पर मॉक पोल किया।

## मुख्य सचिव ने की पी.एम. जनमन योजना के क्रियान्वयन के सम्बन्ध में वी०सी० माध्यम से समीक्षा

देहरादून। प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान पी.एम. जनमन (ढट-खअठटअठ) योजना के क्रियान्वयन के सम्बन्ध में मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन द्वारा आज वी०सी० के माध्यम से समीक्षा की गई। जिसमें मुख्य सचिव द्वारा आदिम जनजाति के लोगों की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति करने हेतु सम्बन्धित जिले के जिलाधिकारीयों को निर्देशित किया गया। जिसमें जनपद देहरादून से जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक, जिला विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी एवं सम्बन्धित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे। मुख्य विकास अधिकारी झरना कमठान ने अवगत कराया कि जनपद अर्न्तगत आदिम जनजाति के लोगों के विकास हेतु 10 बहुद्देशीय भवनो का प्रस्ताव निदेशालय, जनजाति कल्याण के प्रेषित किये गये। विकासखण्ड सहसपुर के अर्न्तगत आदिम जनजाति की बसावटों में आधार शिविर लगाये गये एवं सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार के साथ-साथ सरकार की योजनाओं से वंचित रह गये आदिम जनजाति के व्यक्तियों को योजना का लाभ दिया गया।

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/मुख्यालय/मुरादाबाद द्वारा ई-टेन्डर निम्न टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते हैं। धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजित रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| Tender No. Date | 253-DRM-MB-23-24 dt. 02.01.2024 |
|---|---|
| Name of work | Dismantling of existing & fabrication, erection & launching of new girders of Kapoor Company end to end FOB in MB under ADEN/HQ/MB |
| Tender Closing Date / Time | 25.01.2024 |
| Advertised Value (Rs.) | Rs. 7,08,48,728.38 |
| Earnest Money (Rs.) | Rs. 5,04,300.00 |
| Tender Cost (Rs.) | 00.00 |
| Bidding Start Date | 11.01.2024 |
| Period of Completion | 06 Month |

सं.: 75-W/2/3/WA/Publication दिनांक: 02.01.2024 14/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## अयोध्या से आए अक्षत किए जायेंगे हर घर में वितरित

रुड़की। मानकपुर आदमपुर में स्वयंसेवक अयोध्या धाम से आए पूजित अक्षत घर-घर जाकर बांटेंगे। लोगों से आग्रह किया जा रहा है कि अयोध्या में होने वाली श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा वाले दिन 22 जनवरी को घर में दिवाली जैसा माहौल बनाएं। कम से कम 11 दीपक जलाएं। मंडल प्रचार प्रमुख अनुभव चौधरी ने बताया कि मानकपुर में रविवार को कलश यात्रा सुबह 10 बजे से प्रभु इच्छा तक होगी। जो गांव के सभी प्रमुख मार्गों से और मंदिरों से होकर जाएगी।

यात्रा शिव चौक से शुरू होकर शिव चौक पर ही समाप्त होगी। इसमें भगवान श्रीराम की शोभायात्रा होगी। बताया कि 22 जनवरी को ठाकुरद्वारा मंदिर में हवन होगा और बड़ी स्क्रीन पर प्राण प्रतिष्ठा का लाइव कवरेज होगा। इस अवसर पर पूर्व राज्यमंत्री डॉ. रामपाल सिंह, रामबीर सिंह, राजू आर्य, पंकज कुमार, अशोक आर्य, राजू प्रधान, अंकित सैनी, दीपक आर्य, ऋषभ आदि उपस्थित रहे।

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण निर्माण विभाग, प्रखण्ड पौड़ी।**

फोन/फैक्स :- 01368-222282 e-mail: eerespauri@gmail.com

पत्रांक 1802 /ग्रा0नि0वि0/निविदा सूचना -02/2023-24 दिनांक 26-12-2023

**''ई-निविदा आमन्त्रण सूचना''**

महामहिम राज्यपाल महोदय उत्तराखण्ड की ओर से सक्षम निविदादाताओं से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्न कार्य की ई-निविदा ऑन-लाईन दिनांक 11-01-2024 को पूर्वान्ह 11:30 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदायें उसी दिन अपराह्न 12:00 बजे उपस्थित ठेकेदारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में गठित कमेटी के समक्ष इस कार्यालय में खोल जायेंगी। निविदा के सम्बन्ध में सभी सूचनाऐं/शर्ते, http://www.uktenders.gov.in पर दिनांक 29-12-2023 से उपलब्ध रहेंगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | जनपद/ विकास खण्ड | अनुमानित लागत (लाख में) | धरोहर धनराशि (रूपये में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य +GST | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ठेकेदारों की पंजीकृत श्रेणी | निविदा की वैधता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | जनपद पौड़ी गढ़वाल के वि0ख0 कल्जीखाल के पौड़ी-घण्डियाल-सतपुली मोटर मार्ग से बनेख से मैड़ा-सुरमाड़ी गांव तक मोटर मार्ग का निर्माण। | कल्जीखाल | 125.00 | 250000.00 | नि0मू0-4000 GST-720 ई-चालान द्वारा ही मान्य | 09 माह | मार्ग निर्माण कार्यों में ''सी'' एवं उच्चतर | 90 दिन |
| 2 | जनपद पौड़ी गढ़वाल के वि0ख0 पोखड़ा के अन्दपुर की धार से अन्दपुर गांव तक मोटर मार्ग का निर्माण। | पोखड़ा | 141.00 | 282000.00 | नि0मू0-4000 GST-720 ई-चालान द्वारा ही मान्य | 09 माह | मार्ग निर्माण कार्यों में ''सी'' एवं उच्चतर | 90 दिन |

**अधिशासी अभियन्ता**
**ग्रामीण निर्माण विभाग,**
**प्रखण्ड पौड़ी।**

(1539/59)

# सम्पादकीय

## ट्रक हड़ताल संकट की दस्तक

केंद्र सरकार द्वारा ट्रक चालकों को लेकर बनाया गया कानून माल की आवाजाही और रसद पूर्ति में बड़ा असर डाल रहा है। "हिट एंड रन" मामले में नया कानून लाने के बाद पूरे देश भर में ट्रकों का संचालन ठप हो गया है जिसके परिणाम को देखकर भी सरकार समझने को तैयार नहीं है। दो दिन की हड़ताल में ही पेट्रोलियम सहित दूसरे उत्पादों की सप्लाई पर असर नजर आने लगा है और लोग पेट्रोल पंप एवं खाद्य पदार्थों की स्टॉकिंग को लेकर बेताब नजर आने लगे हैं। कई राज्यों में हो रही हड़ताल का असर अब सामान्य जनजीवन पर पड़ने लगा है। आज भी हमारे देश में रोजमर्रा की वस्तुओं से लेकर अन्य प्रयोग में आए जाने वाली वस्तुएं सड़क मार्ग से ही पहुंचाई जाती है और यदि ट्रकों की हड़ताल अधिक लंबी चली तो निश्चित तौर पर पूरे देश की व्यवस्था बिगड़नी निश्चित है। पिछले दिनों संसद में सरकार ने उन लोगों के लिए सख्त दंड का प्रावधान किया है, जो सड़क दुर्घटना करने के बाद मौके से भाग जाते हैं। उस स्थिति में पीड़ित को मरने के लिए छोड़ दिया जाता है। ऐसे लोगों के खिलाफ नए "हिट एंड रन" कानून के प्रावधान लागू होंगे। मौजूदा भारतीय दंड संहिता में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है। हिट एंड रन केस में अगर ड्राइवर, बिना सूचना दिए भाग जाता है, तो उसे 10 साल तक की सजा मिलेगी। इसके अलावा सात लाख रुपये जुर्माना भी देना होगा। ट्रक चालक इस कानून के लागू होने के बाद अपनी जान को लेकर अब दहशत में नजर आ रहे हैं और उनका मानना है कि वे घटनास्थल पर ठहरेंगे तो लोगों की भीड़ उन्हें मार डालेगी। ट्रक चालकों का यह भय स्वाभाविक है क्योंकि ऐसे कई मामले पूर्व में सामने आ चुके हैं लुसमे क्रोधित भीड़ ने दुर्घटना करने वाले चालकों को मौत के घाट उतार दिया। ट्रक चालकों का यह भय आज उन्हें सड़क पर वाहन चलाने से हटाने को मजबूर कर रहा है और यदि सरकार ने इस दिशा में जल्द से जल्द कोई फैसला नहीं लिया या फिर कानून को "रिकॉल" करने जैसा कदम नहीं उठाया तो आने वाले दिनों में पूरे देश में रोजमर्रा की वस्तुओं की सप्लाई को लेकर हाहाकार जैसी स्थिति आने से भी इनकार नहीं किया जा सकता है। उधर केंद्र सरकार अब ट्रक ऑपरेटरों को यह समझने की कोशिश कर रही है कि यह कानून ऐसे लोगों पर लागू होगा जो घटना स्थल से भाग जाएंगे, ऐसे चालकों पर नहीं जो कुछ दूरी पर जाकर 108 या पुलिस को सूचित करेंगे। कुछ अन्य सामान्य बातों का पालन करने पर चालक के खिलाफ सामान्य धारा के तहत केस दर्ज होगा। इस तरह के केस में उन लोगों के लिए कुछ उदारता दिखाई जाएगी, जो खुद से पुलिस को सूचित करेंगे और घायलों को अस्पताल ले जाएंगे। फिलहाल ऐसी बातों का ट्रक ऑपरेटरों की हड़ताल पर कोई असर नजर नहीं आ रहा है। केंद्र सरकार का यह नया कानून देश के लगभग 95 लाख ट्रक ऑपरेटरों को प्रभावित करेगा। दुर्घटना के समय मौके से भागना ट्रक चालक की विवशता है क्योंकि अपनी जान को ताक पर रखकर मौके पर खड़े रहना स्वाभाविक नहीं है। ऐसा कोई भी कानून लागू करने से पूर्व सरकार ट्रक चालकों की सुरक्षा को लेकर भी ऐसा कानून बनाए जो मौके पर उनकी सुरक्षा की गारंटी देता हो।

# कमजोरी जड़ में है

सबक यह है कि मुद्रा के अंतरराष्ट्रीयकरण के लिए अर्थव्यवस्था की जड़ें मजबूत करना अनिवार्य है। वरना, मुद्रा के अंतरराष्ट्रीयकरण की बात सपना ही बनी रहेगी। यह याद रखना होगा कि मुद्रा की ताकत अर्थव्यवस्था की ताकत से तय होती है।साल 2023 में डी–डॉलराइजेशन– यानी अंतरराष्ट्रीय व्यापार में आपसी मुद्राओं में भुगतान– एक खास ट्रेंड रहा। आंकड़ों के मुताबिक इस वर्ष कच्चे तेल के हुए कुल 20 प्रतिशत निर्यात का भुगतान डॉलर के अलावा किसी मुद्रा में हुआ। यह बड़ा आंकड़ा है, क्योंकि दूसरे विश्व युद्ध के बाद से जीवाश्म ऊर्जा के अंतरराष्ट्रीय कारोबार की मुख्य मुद्रा डॉलर ही था। 2022 से डॉलर से जुदा होने के तेजी से बढ़े रुझान के बीच भारत ने भी अपनी मुद्रा– रुपये– को अंतरराष्ट्रीय स्वरूप देने की नियोजित पहल की है। लगभग दो दर्जन देशों के साथ ऐसी व्यवस्था हो चुकी है, जिसके तहत आयात–निर्यात का भुगतान अपनी–अपनी मुद्राओं में करना संभव हो गया है। इस वर्ष यह प्रयास एक खास मुकाम पर पहुंचा, जब भारत ने पहली बार संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को तेल के बदले में रुपये में भुगतान किया। यूएई को भुगतान से उम्मीद जगी कि नए वैश्विक रुझान का लाभ भारतीय रुपये को भी मिलेगा। लेकिन यूएई को भुगतान के बाद बात ज्यादा आगे नहीं बढ़ी।

केंद्रीय तेल मंत्रालय ने पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस विभाग से संबंधित संसदीय कमेटी को जो जानकारी दी, उससे इसी बात का संकेत मिला। गौरतलब है कि यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद से भारत रूसी तेल का बड़ा बाजार बना है। रूसी कंपनियों ने आरंभ में रुपये में भुगतान स्वीकार किया, लेकिन बाद में इसको लेकर वे अनिच्छुक हो गईं हैं। अब वे भारतीय कंपनियों से चीनी मुद्रा युवान या फिर यूएई की मुद्रा दिरहम में भुगतान मांगती हैं। रूस का कहना है कि भारतीय रुपया उसके भंडार में जमा होता गया, जिसे खर्च करना उसके लिए कठिन हो गया है। जाहिर है, कोई देश किसी विदेशी मुद्रा का इस्तेमाल आयात के भुगतान के लिए करेगा। भारतीय रुपया कोई तीसरा देश स्वीकार नहीं करता, जबकि भारत का निर्यात इतना बड़ा नहीं है कि सारा रुपया फिर यहीं वापस आ जाए। तो सबक है कि मुद्रा के अंतरराष्ट्रीयकरण के लिए अर्थव्यवस्था की जड़ें मजबूत करना अनिवार्य है। वरना, मुद्रा के अंतरराष्ट्रीयकरण की बात सपना ही बनी रहेगी। यह याद रखना होगा कि मुद्रा की ताकत अर्थव्यवस्था की ताकत से तय होती है।

# उत्तर–दक्षिण का कोई विभाजन नहीं है

**अजीत द्विवेदी**

उत्तर भारत की हिंदी पट्टी के तीन राज्यों में भाजपा की और तेलंगाना में कांग्रेस की जीत के बाद उत्तर–दक्षिण के विभाजन का एक विमर्श खड़ा किया गया है। कहा जा रहा है कि कांग्रेस अब दक्षिण भारत की पार्टी रह गई है, जबकि भाजपा उत्तर भारत की पार्टी है। यह भी कहा जा रहा है कि उत्तर और दक्षिण भारत दो टापू हो गए हैं, जिनके बीच की दूरी बढ़ती जा रही है। यह एक राजनीतिक विमर्श है, जिसे आगे बढ़ाने के लिए सामाजिक और आर्थिक पहलुओं का भी संदर्भ दिया जा रहा है। भाषायी विभाजन का वितंडा खड़ा हो रहा है तो सनातन और सनातन विरोध का विमर्श आगे बढ़ाया जा रहा है। यह सही है कि भाषा, संस्कृति, खान–पान और दूसरी कई चीजों में देश के दोनों हिस्सों में बहुत भिन्नता है। लेकिन यह भिन्नता तो सदियों से है और आधुनिक तकनीक व विकास ने तो इस भेद को काफी हद तक कम कर दिया है फिर इस तरह के विमर्श का क्या मतलब है?

सबसे पहले राजनीतिक विभाजन की बात करनी चाहिए क्योंकि जैसे ही यह साबित होगा कि उत्तर और दक्षिण का कोई राजनीतिक विभाजन नहीं है और दक्षिण भारत की राजनीति में कांग्रेस और भाजपा दोनों की स्थिति लगभग समान है तो अपने आप सामाजिक, धार्मिक और आर्थिक विभाजन का विमर्श कमजोर पड़ेगा। कांग्रेस को दक्षिण भारत की पार्टी बताने वाले लोग यह भूल जा रहे हैं कि कांग्रेस कई दशकों से लगातार दक्षिण में कमजोर होती जा रही है और भाजपा धीरे धीरे मजबूत हो रही है। दक्षिण भारत की राजनीति में दोनों की स्थिति में कोई खास फर्क नहीं है। आंकड़ों से भी इस बात की पुष्टि हो सकती है। दक्षिण भारत के पांच राज्यों– तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में लोकसभा की कुल 129 सीटें हैं। इनमें से कांग्रेस के पास 27 सीटें हैं तो भाजपा के पास 30 सीटें हैं। सोचें, कांग्रेस से तीन सीटें ज्यादा हैं, भाजपा के पास।

कह सकते हैं कि भाजपा की 30 सीटें सिर्फ दो राज्यों– कर्नाटक और तेलंगाना में हैं, जबकि कांग्रेस की 27 सीटें चार राज्यों– तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक और तेलंगाना में हैं। बहस के लिए ऐसा कहा जा सकता है लेकिन इससे वास्तविक तस्वीर साफ नहीं होती है। उसके लिए कुछ और आंकड़ों को बारीकी से देखना होगा। ध्यान रहे भाजपा अभी तक दक्षिण में सिर्फ कर्नाटक की पार्टी मानी जाती थी। बाकी राज्यों में उसका आधार बहुत सीमित था। लेकिन धीरे धीरे तस्वीर बदल रही है। कर्नाटक में चुनाव हार कर सत्ता से बाहर होने के बाद भी भाजपा को 36 फीसदी वोट मिला है। इसी तरह तेलंगाना में 2018 के

> **भाजपा गठबंधन में 20 सीटों पर लड़ी थी और उसे 2.62 फीसदी वोट मिले थे। दूसरी ओर जीतने वाले पक्ष के यानी डीएमके के साथ कांग्रेस 25 सीटों पर लड़ी थी फिर भी उसे सिर्फ 4.27 फीसदी वोट मिले। ऐसे ही आंध्र प्रदेश में कांग्रेस 174 सीट पर लड़ी थी और उसे सिर्फ 1.17 फीसदी वोट मिले थे, जबकि भाजपा 173 सीटों पर लड़ी थी और उसे 0.84 फीसदी वोट मिले थे। वहां भी दोनों के वोट में ज्यादा अंतर नहीं था। इन आंकड़ों के हिसाब से देखें तो दक्षिण भारत में कांग्रेस और भाजपा लगभग बराबर की हैसियत वाली पार्टियां हैं।**

विधानसभा चुनाव में भाजपा को सिर्फ 6.9 फीसदी वोट मिले थे, जो 2023 के चुनाव में बढ़ कर 12.88 फीसदी हो गया है यानी भाजपा का वोट लगभग दोगुना हुआ है। भाजपा के लिए सबसे मुश्किल माने जाने वाले प्रदेश केरल में 2016 में भाजपा को 10.6 फीसदी वोट मिले थे, जो 2021 में बढ़ कर 11.3 हो गया। सबसे दिलचस्प आंकड़ा तमिलनाडु विधानसभा चुनाव का है, जहां 2021 में कांग्रेस और डीएमके साथ लड़े थे तो भाजपा और अन्ना डीएमके साथ मिल कर लड़े थे। चूंकि अन्ना डीएमके के खिलाफ 10 साल की एंटी इन्कम्बैंसी थी तो वह हार रही थी, जिसका नुकसान भाजपा को भी हुआ।

भाजपा गठबंधन में 20 सीटों पर लड़ी थी और उसे 2.62 फीसदी वोट मिले थे। दूसरी ओर जीतने वाले पक्ष के यानी डीएमके के साथ कांग्रेस 25 सीटों पर लड़ी थी फिर भी उसे सिर्फ 4.27 फीसदी वोट मिले। ऐसे ही आंध्र प्रदेश में कांग्रेस 174 सीट पर लड़ी थी और उसे सिर्फ 1.17 फीसदी वोट मिले थे, जबकि भाजपा 173 सीटों पर लड़ी थी और उसे 0.84 फीसदी वोट मिले थे। वहां भी दोनों के वोट में ज्यादा अंतर नहीं था। इन आंकड़ों के हिसाब से देखें तो दक्षिण भारत में कांग्रेस और भाजपा लगभग बराबर की हैसियत वाली पार्टियां हैं। लोकसभा चुनाव में भी दोनों के वोट शेयर में ज्यादा फर्क नहीं है।

इसके बावजूद उत्तर और दक्षिण के विभाजन का विमर्श खड़ा करने का आधार यह है कि दो राज्यों में कांग्रेस की सरकार बन गई है। लेकिन यह वैचारिक विमर्श का मजबूत आधार नहीं है क्योंकि इन दो में से एक राज्य में थोड़े दिन पहले तक भाजपा की सरकार थी। अगले चुनाव में एक बार फिर स्थिति बदल सकती है। भाजपा को एक झटका तमिलनाडु में इस बात से लगा कि उसकी सहयोगी अन्ना डीएमके ने उससे तालमेल खत्म कर लिया। लेकिन उसके तुरंत बाद कर्नाटक में भाजपा को जेडीएस के रुप में एक नई सहयोगी पार्टी मिल गई। आंध्र प्रदेश में भाजपा को तय करना है कि वह क्या करे। पवन कल्याण की जन सेना पार्टी के साथ उसका तालमेल हो गया है और चंद्रबाबू नायडू की तेलुगू देशम पार्टी के साथ भी तालमेल का फैसला उसने खुद रोका है। इसका मतलब है कि दक्षिण भारत की पार्टियों में भाजपा अछूत नहीं है। सो, चाहे वोट प्रतिशत की बात हो, राजनीतिक एजेंडे की बात हो या सहयोगी पार्टियों की बात हो, हर पैमाने पर दक्षिण भारत में भाजपा उतनी ही मजबूती से खड़ी है, जितनी मजबूती से कांग्रेस खड़ी है। भाजपा अब वास्तविक अर्थों में पूरे देश की पार्टी हो गई है। पूर्वोत्तर के मिजोरम जैसे राज्य में उसे दो सीटें मिली हैं, जहां कांग्रेस एक सीट पर सिमट गई। दो बड़े पूर्वी राज्यों– पश्चिम बंगाल और ओडिशा में भाजपा मुख्य विपक्षी पार्टी है, जबकि कांग्रेस दो–चार सीटों पर सिमट गई है।

जिस तरह से यह नैरेटिव गलत है कि भाजपा दक्षिण भारत की पार्टी नहीं है वैसे ही यह भी गलत है कि उत्तर भारत से कांग्रेस का बोरिया बिस्तर बंध गया है। उत्तर में कांग्रेस अब भी बड़ी ताकत है। जिन तीन राज्यों में इस साल के चुनाव में वह हारी है वहां भी उसे 40 फीसदी या उससे ज्यादा वोट मिला है और वह मजबूत विपक्षी पार्टी बनी है। हिमाचल प्रदेश में उसकी सरकार है तो हरियाणा, पंजाब और उत्तराखंड में वह मुख्य विपक्षी पार्टी है।

बिहार और झारखंड में अपनी सहयोगी पार्टियों के साथ वह सरकार में है। उसका सूपड़ा साफ सिर्फ दो राज्यों में हुआ है और वो राज्य हैं उत्तर प्रदेश और दिल्ली। सो, कांग्रेस अब भी उत्तर भारत में अपना आधार बचाए हुए है तो भाजपा दक्षिण भारत में अपना विस्तार करते हुए है। इसलिए उत्तर–दक्षिण के राजनीतिक विभाजन का कोई आधार नहीं है। हां, अगर परिसीमन के दौरान आबादी के आधार पर लोकसभा की सीटों की संख्या बढ़ाने की कोई पहल होती है तो उस समय विभाजन बढ़ेगा और टकराव हो सकता है। इसलिए सोच समझ कर यह काम करना होगा।

जहां तक भाषायी और सांस्कृतिक विभाजन का मामला है तो वह बेहद संवेदनशील है, जिसे सावधानी से हैंडल करना होगा। भाजपा की केंद्र सरकार हिंदी को प्राथमिकता दे रही है और दिल्ली में सारे कामकाज हिंदी में हो रहे हैं। संसद में मंत्री हिंदी में जवाब दे रहे हैं। इसमें संतुलन बनाने की जरूरत है।

# स्थानीयकरण की हद !

ऐसे निर्णय लेते समय इस संवैधानिक प्रावधान का तनिक भी ख्याल नहीं किया जाता कि भारत के हर नागरिक को देश के किसी भी हिस्से में जाकर रहने, कारोबार करने या रोजगार हासिल करने का मौलिक अधिकार है। लेकिन ऐसा लगता है कि इस भावना के विपरीत देश में स्थानीयकरण की हद तक जाने की होड़ लगी हुई है।

केंद्र और असम सरकारों ने यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट ऑफ असम (उल्फा) के अरविंद राजखोवा गुट के साथ जो करार किया है, उसमें शामिल कुछ शर्तें विवादास्पद हैं। मसलन, यह कि अगले परिसीमन के समय असम विधानसभा की 126 में से 97 सीटें मूलवासी लोगों के लिए आरक्षित कर दी जाएंगी। दूसरी शर्त ऐसी संवैधानिक व्यवस्था की है, जिसके तहत किसी चुनाव क्षेत्र में दूसरे चुनाव क्षेत्र के बाशिंदे जमीन नहीं खरीद सकेंगे। हैरतअंगेज है कि जम्मू–कश्मीर के लिए अनुच्छेद 370 के तहत मिले ऐसे ही संरक्षणों के खिलाफ दशकों तक अभियान चलाने वाली भारतीय जनता पार्टी किसी अन्य राज्य में इस तरह की शर्तों के लिए एक समय खूंखार आतंकवादी रहे संगठन के सामने राजी हो रही है। देश की एकता के लिए आवश्यक है कि स्थानीय जरूरतों और राष्ट्रीय तकाजों में तालमेल बैठाया जाए। इनमें से किसी एक तरफ पलड़े का ज्यादा झुकना अवांछित समझा जाएगा। असम के मामले में तो बात किसी दूसरे प्रदेश के बाशिंदों से भेदभाव तक ही सीमित नहीं है। बल्कि पास–पड़ोस के निवासियों के लिए दरवाजे बंद किए जा रहे हैं।

ऐसे निर्णय लेते समय इस संवैधानिक प्रावधान का तनिक भी ख्याल नहीं किया जाता कि भारत के हर नागरिक को देश के किसी भी हिस्से में जाकर रहने, कारोबार करने या रोजगार हासिल करने का मौलिक अधिकार है। लेकिन ऐसा लगता है कि इस भावना के विपरीत देश में स्थानीयकरण की हद तक जाने की होड़ लगी हुई है। कुछ समय पहले हरियाणा में तीन चौथाई नौकरियां प्रदेश–वासियों के लिए आरक्षित की गई थीं, जिसे न्यायपालिका ने असंवैधानिक ठहराया। लेकिन अब वैसा ही कदम झारखंड सरकार ने उठाया है। स्पष्टतः राजनीतिक पार्टियों के पास चुनावी गणित बैठाने के अलावा देश निर्माण या जन–कल्याण का कोई सपना नहीं बचा है।

वरना, उनकी निगाह मूलभूत समस्याओं तक जा पाती। समस्या ऐसी आर्थिक नीतियों का अभाव है, जिससे अधिक–से–अधिक रोजगार निर्मित हो और सबको संतुष्ट करने लायक विकास की तरफ समाज बढ़े। चूंकि इसके लिए उपयुक्त दृष्टि और साहस का राजनीतिक नेतृत्व में अभाव हो गया है, इसलिए बांटने और दूरी बढ़ाने वाली नीतियों का सहारा ही उनके पास बचा नजर आता है।

# शर्लिन दत्त अपनी अभिनय यात्रा परः संघर्ष वास्तविक था, लेकिन सपने भी थे



अभिनेत्री शर्लिन दत्त, जो किंक, हनी ट्रैप स्क्वाड आदि का हिस्सा रह चुकी हैं, ने अपनी अभिनय यात्रा के बारे में खुलकर बात की और इसे उत्कृष्टता की निरंतर खोज, विकसित होने की प्रतिबद्धता और दूर तक जाने की अटूट इच्छा बताया।

अपने बचपन के दिनों में, जब वह अकेली रहती थी, शर्लिन का दिमाग अंतहीन कल्पनाओं का खेल का मैदान था। उन अकेले क्षणों में, उसके भीतर एक गुप्त इच्छा पनपने लगी – अभिनेता बनने का सपना।

उसी के बारे में बोलते हुए, उन्होंने कहाः जम्मू और कश्मीर की शांत घाटियों में, जहां परंपराएं आकांक्षाओं से अधिक जोर से गूंजती हैं, एक युवा सपने देखने वाले ने चुपचाप महत्वाकांक्षाओं को पोषित किया, जिसने उसकी रूढ़िवादी परवरिश को चुनौती दी। सिर्फ 18 साल की उम्र में, मैंने एक गुप्त यात्रा शुरू की। मेरे परिवार में अभिनय का जुनून अपरंपरागत माना जाता है।

एक संयुक्त परिवार में जन्म हुआ जहां सरकारी नौकरी ही मेरी अंतिम आकांक्षा थी, अनुरूपता की बेड़ियों से मुक्त होना मेरा मौन विद्रोह था। एक ऐसे घर में जहां सपनों को लेकर निराशा होती थी, खासकर इकलौती लड़की के लिए, मैंने सामान्य से परे आकांक्षाओं को पालने का साहस किया। उन्होंने कहा, पहली चुनौती मेरे सख्त माता-पिता को मुझे सपनों के शहर – मुंबई में अपने सपनों को पूरा करने देने के लिए राजी करना था।

पढ़ाई करने की आड़ में, उसने नवी मुंबई की भीड़-भाड़ वाली सड़कों पर कदम रखा, और गुप्त रूप से एक ऐसे भविष्य की नींव रखी जिसे वे समझ नहीं सके।

हर दिन एक संतुलनकारी कार्य था – दिन में कॉलेज जाना और रात में शूटिंग पर पहुंचने के लिए लोकल ट्रेनों में सफर करना।

संघर्ष वास्तविक था, लेकिन मेरे भीतर पले हुए सपने भी थे। अपनी रूढ़िवादी परवरिश के दायरे से, मैंने मुंबई द्वारा पेश किए गए अनुभवों के विशाल परिदृश्य का पता लगाया। वे कहते हैं कि अनुभव सबसे अच्छा शिक्षक है, और मेरी यात्रा इसकी पुष्टि करती है। ऑडिशन, अस्वीकृति और एक सपने की निरंतर खोज ने मुझे एक लचीले व्यक्ति के रूप में ढाला। प्रत्येक असफलता एक सबक थी, और हर जीत ने मुझे आगे बढ़ने के दृढ़ संकल्प को बढ़ावा दिया, उसने कहा।

शर्लिन ने कहाः गोपनीयता के बीच, मैंने अपने सपनों की नींव रखी, यह सुनिश्चित करते हुए कि मेरी खोज से उन लोगों को ठेस न पहुंचे जो मेरी आकांक्षाओं को नहीं समझ सकते। मुंबई एक शहर से कहीं अधिक बन गया; यह वह कैनवास बन गया जिस पर मैंने पेंटिंग की मेरे सपने, मेरे अतीत की अपेक्षाओं से मुक्त। आज, जब मैं स्वीकृति की कगार पर खड़ा हूं, मेरा एक समय का रूढ़िवादी परिवार मेरे सपनों को अपना रहा है।

मुझे जो सराहना और समर्थन मिलता है, वह सिर्फ उन भूमिकाओं के लिए नहीं है जो मैं स्क्रीन पर निभाती हूं, बल्कि उस दुनिया में सपने देखने के साहस के लिए है, जिसने कभी उन सपनों को सीमित करने की कोशिश की थी। नए मिले समर्थन से धन्य होकर, मैं अपने अभिनय करियर पर पहले से कहीं अधिक ध्यान केंद्रित कर रही हूं। फिर भी, सीखने की भूख मुझे आगे बढ़ाती है। अभिनेता के लिए, हर दिन एक सबक है, हर अनुभव एक सीढ़ी है, उन्होंने आगे कहा।

शर्लिन ने आगे कहा, मेरी यात्रा यहीं खत्म नहीं होती है; यह उत्कृष्टता की निरंतर खोज, विकसित होने की प्रतिबद्धता और दूर तक जाने की अटूट इच्छा है। यह सिर्फ एक लड़की की कहानी नहीं है जो अभिनेता बन गई; यह एक वसीयतनामा है सपनों की शक्ति, आज़ाद होने का साहस, और जब कोई अस्तित्व में न हो तब रास्ता बनाने का लचीलापन।

# रीगल ब्लू प्रिंटेड साड़ी में बेहद खूबसूरत लगीं अभिनेत्री काव्या थापर, लुक से इंटरनेट का पारा किया हाई



नीली साड़ी में काव्या बेहद खूबसूरत लग रही हैं. असाधारण रूप से प्रतिभाशाली अभिनेत्री काव्या थापर अपनी आगामी फिल्म ईगल के साथ तेलुगु दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने के लिए तैयार हैं, जिसमें रवि तेजा के साथ अभिनय किया गया है और यह शुभ संक्रांति उत्सव के दौरान रिलीज होने वाली है। हाल की झलकियों में, काव्या थापर ने आकर्षक गुलाबी मोतियों वाली बॉर्डर से सजी लुभावनी नीली फूलों की साड़ी पहनकर खूबसूरती से सुर्खियों में कदम रखा है। उनका पहनावा, गुलाबी रंग की पूरक छाया में सजे उनके घुंघराले बालों के साथ, आकर्षण और परिष्कार का एक सामंजस्यपूर्ण मिश्रण पेश करता है।

उसकी आंखें, सावधानीपूर्वक आंखों के मेकअप के कारण, उसकी मनमोहक निगाहों की ओर ध्यान खींचती हैं, जिससे उसके समग्र स्वरूप में आकर्षण की एक अतिरिक्त परत जुड़ जाती है। जिस तरह से वह अपनी साड़ी को निपुणता से पहनती है वह उसकी सहज शैली की भावना को दर्शाता है, जो अनुग्रह और लालित्य को प्रदर्शित करता है। उनका प्रत्येक पोज़ आत्मविश्वास और शिष्टता प्रदर्शित करता है, एक अमिट छाप छोड़ता है और दर्शकों को प्रभावित करता है।

काव्या थापर की त्रुटिहीन फैशन पसंद और उनका समग्र व्यवहार पहले से ही प्रशंसकों और प्रशंसकों के बीच चर्चा पैदा कर रहा है, जिससे अनुभवी अभिनेता रवि तेजा के साथ उनकी भूमिका के लिए काफी उम्मीदें हैं। उनकी स्पष्ट प्रतिभा, उनकी मंत्रमुग्ध उपस्थिति के साथ मिलकर, एक ऐसे प्रदर्शन का सुझाव देती है जो तेलुगु सिनेमा प्रेमियों के दिलों में बसने के लिए बाध्य है।जैसा कि संक्रांति के त्योहारी सीजन के दौरान फिल्म की रिलीज के लिए प्रत्याशा बढ़ती जा रही है, काव्या थापर की संतुलित और मंत्रमुग्ध कर देने वाली उपस्थिति दर्शकों के लिए एक रोमांचक और रोमांचकारी सिनेमाई अनुभव का इंतजार कर रही है। अपने चुंबकीय आकर्षण और निर्विवाद प्रतिभा के साथ, वह फिल्म प्रेमियों के दिलों में एक अमिट छाप छोड़ते हुए एक महत्वपूर्ण प्रभाव डालने के लिए तैयार है।

# फाइटर के रन टाइम से उठा पर्दा, सिनेमाघरों में धमाल मचाने को तैयार ऋतिक रोशन–दीपिका पादुकोण



पठान, जवान, गदर 2, एनिमल, ड्रीम गर्ल 2, रॉकी और रानी की प्रेम कहानी और कई अन्य हिट फिल्मों के साथ 2023 एक शानदार वर्ष रहा है। अब, सभी की निगाहें 2024 पर टिकी हैं, जिसमें ऋतिक रोशन, दीपिका पादुकोण और अनिल कपूर की फिल्म फाइटर वर्ष की पहली बड़ी रिलीज होगी। वॉर और पठान की सफलता के बाद इस फिल्म का निर्देशन सिद्धार्थ आनंद ने किया है। फाइटर, 25 जनवरी को गणतंत्र दिवस के अवसर पर रिलीज होने वाली है। वहीं, अब फिल्म पर बड़ा अपडेट सामने आया है। साथ ही इसके रन टाइम का भी खुलासा हो चुका है।

रिपोर्ट के अनुसार, ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण अभिनीत फिल्म फाटइगर लगभग तीन घंटे लंबी होगी। विदेशी बाजारों के लिए, निर्माताओं ने पहले ही अपना प्रचार अभियान शुरू कर दिया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि फिल्म देखने के लिए बड़ी संख्या में भीड़ खींची जा सके। पहला कदम फिल्म का सारांश और रन टाइम साझा करना है। कतर, यूएई और जीसीसी फिल्म का सारांश प्राप्त करने वाले पहले देशों में से हैं।

आधिकारिक विवरण के अनुसार, फाइटर शमशेर पठानिया नाम के एक महत्वाकांक्षी युवक की कहानी सुनाएगा, जिसे भारतीय सशस्त्र बलों का नायक बनने के लिए भारतीय वायु सेना में भर्ती होने के बाद अपनी बाधाओं को दूर करना होगा। फाइटर दर्शकों को एक्शन, ड्रामा और शानदार हवाई एक्शन प्रदर्शन से भरी एक मनोरंजक यात्रा पर ले जाने का वादा करता है।

फाइटर का रनटाइम 3 घंटे और 10 मिनट बताया गया है, जबकि अंदरूनी सूत्रों का मानना है कि सेंसर बोर्ड द्वारा मांगे गए संपादन के आधार पर रन टाइम बदल सकता है। रणबीर कपूर की एनिमल के बाद फाइटर हाल के दिनों में 3 घंटे से अधिक समय तक चलने वाली दूसरी फिल्म होगी। कुछ हफ्ते पहले, ऋतिक रोशन का कैरेक्टर पोस्टर सामने आया था, जहां उन्हें पैटी के रूप में संदर्भित किया गया था।

# बॉक्स ऑफिस पर सालार का जलवा बरकरार, 9वें दिन प्रभास की फिल्म ने की जबरदस्त कमाई



साउथ सुपरस्टार प्रभास की फिल्म सालार रिलीज के बाद से ही बॉक्स ऑफिस पर छाई हुई है. फिल्म को क्रिटिक्स से लेकर दर्शक खूब पसंद कर रहे हैं. रिलीज से पहले से लेकर रिलीज के दूसरे शनिवार तक फिल्म को लेकर फैंस के बीच दीवानगी देखने को मिल रही है. प्रभास की फिल्म ने शाहरुख खान की डंकी को भी कमाई के मामले में पीछे छोड़ दिया है. अब तक फिल्म ने 308 करोड़ रुपये का आंकड़ा कर लिया है. वहीं, अब इसके दूसरे शनिवार यानी 9वें दिन का कलेक्शन भी सामने आ गया है. फिल्म के कलेक्शन की बात करें तो, सालार ने ओपनिंग डे पर ही 90.7 करोड़ रुपये का शानदार कलेक्शन किया था. दूसरे दिन फिल्म ने 56.35 करोड़ रुपये कलेक्ट किए थे. इसके साथ ही फिल्म ने 8वें दिन यानी शनिवार को 9.62 करोड़ का कलेक्शन किया. इस बीच 9वें दिन यानी शनिवार का कलेक्शन भी सामने आ गया है.

रिपोर्ट के मुताबिक, सालार ने रिलीज के 9वें दिन यानी रविवार को 12.50 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है. इसी के साथ सालार ने 9 दिनों का कुल कारोबार कर 329.62 करोड़ रुपये का दमदार कलेक्शन कर लिया है. वर्ल्डवाइड की बात करें तो, फिल्म ने 485 करोड़ का आकंड़ा छू लिया है.

दोस्ती पर आधारित इस फिल्म को केजीएफ फेम डायरेक्टर प्रशांत नील ने डायरेक्ट किया है. इस फिल्म में प्रभास के अपोजिट श्रुति हासन लीड रोल में हैं. वहीं, पृथ्वीराज सुकुमारन, जगपति बाबू रेड्डी, टीनू देसाई समेत कई दमकार एक्टर अहम भूमिका में हैं. फिल्म दोस्ती पर बेस्ड है, जिसमें दो दोस्त किसी घटना की वजह से एक दूसरे के दुश्मन बन जाते हैं. ये फिल्म 22 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी.

# सालार और डंकी की आंधी के बीच डटी हुई है एनिमल, 900 करोड़ के करीब पहुंची रणबीर कपूर की फिल्म



बॉलीवुड एक्टर रणबीर कपूर की फिल्म एनिमल का जलवा बॉक्स ऑफिस पर बरकरार है. प्रभास की सालार और शाहरुख खान की डंकी की रिलीज के बाद भी एनिमल बॉक्स ऑफिस पर डटी हुई है और हर दिन कमाई कर रही है. रणबीर कपूर की फिल्म एनिमल की रिलीज को चार हफ्ते हो चुके हैं. जानिए इस मूवी ने अब तक कितने करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है.

रणबीर कपूर की एनिमल के वर्ल्डवाइड कलेक्शन को लेकर लेटेस्ट आंकड़े सामने आ गए हैं. फिल्म तेजी से 900 करोड़ क्लब की ओर बढ़ रही है. इन दिनों सालार और डंकी का बॉक्स ऑफिस पर कब्जा है. इस बीच भी एनिमल लगातार कमाई कर रही है. रिपोर्ट के मुताबिक, एनिमल ने दुनियाभर में 888 करोड़ रुपये का कलेक्शन कर लिया है. फिल्म की कमाई के ये आंकड़े 30 दिनों के हैं.भारत में भी एनिमल की छप्परफाड़ कमाई हो रही है. फिल्म 550 करोड़ रुपये से सिर्फ कुछ दूरी पर है. रणबीर कपूर की फिल्म ने 30वें दिन यानी पांचवें शनिवार को 1.4 करोड़ रुपये का बिजनेस किया है और अब तक एनिमल भारत में 543.26 करोड़ रुपये का कलेक्शन कर चुकी है.बताते चलें कि 1 दिसंबर, 2023 को रिलीज हुई एनिमल रणबीर कपूर के करियर हाईएस्ट ग्रोसिंग मूवी बन गई है. इससे पहले उनकी किसी भी फिल्म ने अब तक इतना कलेक्शन नहीं किया है. एनिमल का निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा हैं, जिन्होंने इससे पहले अर्जुन रेड्डी और कबीर सिंह जैसी मशहूर फिल्मों का निर्देशन किया है. एनिमल में रणबीर कपूर के अलावा अनिल कपूर, रश्मिका मंदाना, तृप्ति डिमरी और बॉबी देओल जैसे सितारों ने अहम भूमिका निभाई है.

# शुरुआती टेस्ट मैच से पहले इंग्लैंड का भारत देर से पहुंचना सही है : स्टुअर्ट ब्रॉड

लंदन ,। पूर्व तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड ने कहा कि टेस्ट सीरीज की शुरुआत से पहले इंग्लैंड का भारत में देर से पहुंचना सही है। उन्होंने कहा कि कप्तान बेन स्टोक्स और मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम के नेतृत्व में इस तरह की व्यवस्था भारी भरकम क्रिकेट कैलेंडर में टीम के कार्यक्रम पर अधिक नियंत्रण रखने के लिए है। 25 जनवरी को भारत के खिलाफ श्रृंखला के शुरूआती मैच से तीन दिन पहले हैदराबाद पहुंचने से पहले इंग्लैंड अबू धाबी में एक प्रशिक्षण शिविर आयोजित करेगा। अगले महीने पहले टेस्ट से केवल तीन दिन पहले भारत के लिए उड़ान भरने का निर्णय इंग्लैंड की तैयारी को कम नहीं कर रहा है ब्रेंडन मैकुलम कोच और कप्तान के तौर पर बेन स्टोक्स इसे नियंत्रित कर रहे हैं ।

ब्रॉड ने डेली मेल के लिए अपने कॉलम में लिखा, क्रिकेट में, जब आप किसी देश का दौरा करते हैं, हफ्तों पहले पहुंचते हैं, तो वार्म–अप पिचें, नेट की गुणवत्ता, आपके द्वारा खेले जाने वाले मैच और आपकी यात्रा का कार्यक्रम शायद ही कभी आपकी मदद के लिए व्यवस्थित किया जाता है। इसलिए मैकुलम और स्टोक्स 25 जनवरी को हैदराबाद में श्रृंखला के शुरूआती मैच से



पहले इसे किसी और के हाथों में छोड़ने के बजाय इस अवधि का स्वामित्व ले रहे हैं। भारत में श्रृंखला स्टोक्स और मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम के लिए सबसे बड़ी चुनौती मानी जा रही है, खासकर उनके खेलने की बेहद आक्रामक शैली और स्पिन के अनुकूल उपमहाद्वीपीय परिस्थितियों में इसे जारी रखने के मामले में। इंग्लैंड ने 2021 में चेन्नई में सीरीज का पहला मैच जीता था, लेकिन सीरीज 3–1 से हार गया था।

ब्रॉड ने यह भी लिखा कि अबू धाबी में प्रशिक्षण शिविर से इंग्लैंड को भारत के खिलाफ टेस्ट से पहले तैयारी का शानदार माहौल बनाने में कैसे मदद मिल सकती है। 10–दिवसीय अबू धाबी प्रशिक्षण शिविर में, मैकुलम नेट सतहों का चयन कर सकते हैं, मध्य अभ्यास को नियंत्रित कर सकते हैं, एक दिन के प्रशिक्षण को बढ़ा सकते हैं और उड़ान को कम कर सकते हैं। मैं उन देशों में गया हूँ जहाँ आपको दोपहर में प्रशिक्षण लेना है और वहाँ जाकर मैंने पाया कि जालों पर पानी डाला गया है और उन्हें ढक दिया गया है। यह अच्छा नहीं है। अबू धाबी में इंग्लैंड को घरेलू टीम जैसा महसूस होगा।

आखिरकार, हमें नतीजे पर ही पता चलेगा कि यह सही है या गलत। अगर इंग्लैंड 80 रन पर आउट हो जाता है और 500 रन दे देता है, तो अबू धाबी असफल हो जाएगा, लेकिन अगर ओली पोप 270 रन बना लेते हैं और जैक लीच 10 विकेट ले लेते हैं, तो यह सफलता हो जाएगी। यह न तो मैच–तत्परता की कमी है और न ही भारत के लिए अपमानजनक है। यह एक प्रतिष्ठित दौरा है और इंग्लैंड के खिलाड़ियों के लिए यह बहुत मायने रखता है। यह कम तैयारी और बेहतर होने का मामला नहीं है, यह बस संभवतः सर्वश्रेष्ठ प्री–सीरीज़ माहौल बनाने का एक प्रयास है। हैदराबाद में मैच के बाद भारत और इंग्लैंड अगले टेस्ट मैच विशाखापत्तनम, राजकोट, रांची और धर्मशाला में खेलेंगे। इंग्लैंड लायंस टीम जनवरी में अहमदाबाद में भारत ए टीम के खिलाफ मैच भी खेलेगी। ब्रॉड का मानना है कि केवल प्रमुख बल्लेबाज जो रूट ही मैचों से पहले मानसिक तैयारी में स्टोक्स की बराबरी कर सकते हैं।

## एलिसा हीली और फोएब लिचफील्ड की ओपनिंग जोड़ी ने किया कमाल

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलियाई महिला बैटर्स एलिसा हीली और फोएब लिचफील्ड ने बुधवार को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम पर भारत के खिलाफ सबसे बड़ी ओपनिंग साझेदारी का रिकॉर्ड बनाया। हीली और लिचफील्ड ने पहले विकेट के लिए 189 रन की साझेदारी की।

बता दें कि ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया और हीली व लिचफील्ड ने यह फैसला एकदम सही साबित किया। दोनों ने केवल 173 गेंदों में 189 रन की साझेदारी की। हीली–लिचफील्ड ने एलेक्स ब्लैकवेल और मेग लेनिंग का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 2012 में वानखेड़े स्टेडियम पर भारत के खिलाफ ओपनिंग जोड़ी के रूप में 180 रन जोड़े थे।

**हीली ने लंबे समय बाद जमाया अर्धशतक**

भारतीय टीम की महिला गेंदबाज विकेट लेने के लिए तरसती रही जबकि ऑस्ट्रेलियाई महिला बैटर्स ने स्कोरबोर्ड को लगातार चलाए रखा। पहले वनडे में बिना खाता खोले आउट होने वाली एलिसा हीली ने आठ पारियों के बाद पहला अर्धशतक जमाया। हीली और लिचफील्ड ने लगातार दमदार प्रदर्शन करके मेजबान टीम से मैच को दूर किया।

# यूनाइटेड कप : अमेरिका ने ग्रेट ब्रिटेन को 2—1 से हराया



पर्थ , टेलर फ्रिट्ज और जेसिका पेगुला ने संयुक्त रूप से जीत हासिल की, क्योंकि संयुक्त राज्य अमेरिका ने ग्रेट ब्रिटेन के खिलाफ युनाइटेड कप मिश्रित टीम स्पर्धा के निर्णायक मिश्रित युगल मुकाबले में पिछड़ने के बाद ग्रुप सी में प्रारंभिक चरण के मुकाबले में 2–1 से जीत हासिल की। इस जीत के साथ, संयुक्त राज्य अमेरिका मिश्रित टीम स्पर्धा में 1–0 से आगे हो गया।

मुकाबला 1–1 से बराबर था जब फ्रिट्ज़ और पेगुला ने मिलकर केटी बोल्टर और नील स्कुपस्की को 1–6, 7–6(4), 10–7 से हरा दिया। संयुक्त राज्य अमेरिका का लक्ष्य अपने खिताब की रक्षा करना है, जिसने पिछले सीजऩ में टूर्नामेंट में जीत हासिल की थी। अगर संयुक्त राज्य अमेरिका सोमवार रात को ऑस्ट्रेलिया को हरा देता है तो वह क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई कर जाएगा। ग्रुप सी का विजेता पर्थ में क्वार्टर फाइनल में पहुंचेगा। ग्रेट ब्रिटेन ने ऑस्ट्रेलिया को 2–1 से हराकर अपना ग्रुप मैच 1–1 के रिकॉर्ड के साथ समाप्त किया। एलेक्स डी मिनौर के नेतृत्व में ऑस्ट्रेलिया अभी भी दौड़ में है, लेकिन अगले दौर में आगे बढऩे के लिए उसे संयुक्त राज्य अमेरिका पर काबू पाना होगा। इससे पहले, फ्रिट्ज़ ने संयुक्त राज्य अमेरिका को जीवित रखा जब उन्होंने कैमरून नोरी को 7–6(5), 6–4 से हराया, और पिछले सीजऩ में मिश्रित टीम स्पर्धा में ब्रिटिश लेफ्टी से अपनी हार का बदला लिया।

अपनी एटीपी आमने–सामने की श्रृंखला में 14वीं बार मिलते हुए, फ्रिट्ज़ और नॉरी के बीच पर्थ की गर्म परिस्थितियों में जबरदस्त संघर्ष हुआ। फ्रिट्ज़ ने पहले सेट में 4–1 की बढ़त गंवाने के बाद वापसी करते हुए ओपनर को टाई–ब्रेक में सील कर दिया। इसके बाद उन्होंने नौवें गेम में दूसरे सेट का निर्णायक ब्रेक हासिल किया और एक घंटे और 47 मिनट में मैच समाप्त कर दिया। विश्व के 10वें नंबर के खिलाड़ी, जिनका मैच के दौरान बाईं जांघ पर चिकित्सा उपचार हुआ,

# पीकेएल 10 : पुनेरी पल्टन ने तेलुगू टाइटंस को 36 अंकों के बड़े अंतर से हराया

नोएडा (यूपी) , यहां के इंडोर स्टेडियम में खेले गए प्रो कबड्डी लीग सीजन 10 के मैच में पुनेरी पल्टन ने निचले स्थान पर चल रहे तेलुगू टाइटंस को 36 अंकों से हरा दिया। अबिनेश नादराजन और गौरव खत्री ने हाई 5 दर्ज किया, क्योंकि पुनेरी पलटन ने कबड्डी मास्टरक्लास का प्रदर्शन करते हुए मैच 54–18 से जीत लिया।

कप्तान पवन सहरावत की टीम में वापसी से तेलुगू टाइटंस को मजबूती मिली, लेकिन खेल शुरू होने के आठ सेकंड के भीतर ही उन्हें निपटा दिया गया। पुनेरी पल्टन ने अपने बचाव पर भरोसा किया, क्योंकि अबिनेश और ईरान के मोहम्मदरेज़ा शादलौई ने विपक्ष को दूर रखा। तेलुगू टाइटंस के रेडरों को थोड़ी सफलता मिली और टीम शुरुआती हाफ में 6–7 से पिछड़ गई।

टाइटन्स ने टचिंग डिस्टेंस के भीतर रहकर अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन 3 छापों की एक श्रृंखला से वे पूरी तरह से असफल हो गए। इसकी शुरुआत मोहित गोयत के सुपर रेड से हुई, जिसमें पवन, हामिद नादेर और नितिन को बेंच पर जाना पड़ा और अगले रेड में शादलूई ने रॉबिन चौधरी को टखने की पकड़ में फंसाया।

तीसरी छापेमारी महज औपचारिकता थी, क्योंकि प्रफुल्ल जवारे ने असलम इनामदार के सामने आत्मसमर्पण कर दिया और पुनेरी



पल्टन ने पहला ऑल–आउट कर दिया। 16–9 पर उनकी बढ़त सात अंक हो गई।

पवन की टीम अंतिम 5 मिनट में सिर्फ एक अंक हासिल कर पाई और पुनेरी पल्टन ने पहले हाफ की समाप्ति 23–10 से आगे की। तेलुगू टाइटंस के लिए अधिक परेशानी खड़ी हो गई, क्योंकि उन्हें दूसरे हाफ के पहले ही मिनट में ऑल–आउट का सामना करना पड़ा और टीमों के बीच अंतर और बढ़ गया। पुनेरी पल्टन ने खेल पर पूरा नियंत्रण हासिल कर लिया, क्योंकि अबिनेश ने इच्छानुसार टैकल किए, जबकि असलम और मोहित ने तेलुगू टाइटंस की रक्षापंक्ति को कोई राहत नहीं दी।

पूरे खेल में पवन का रंग फीका पड़ गया और शैडलू द्वारा पवन को रोकने के लिए ज़ोरदार डैश मारने के तुरंत बाद तेलुगू टाइटंस को एक और ऑल–आउट का सामना करना पड़ा।

# हॉकी इंडिया ने हॉकी 5 विश्व कप 2024 के लिए पुरुष, महिला टीम की घोषणा की

नई दिल्ली ,हॉकी इंडिया ने मस्कट, ओमान में होने वाले आगामी एफआईएच हॉकी5 विश्व कप के लिए भारतीय पुरुष और महिला हॉकी टीमों की रविवार को घोषणा की। जहां एफआईएच हॉकी5 महिला विश्व कप 24 जनवरी से 27 जनवरी के बीच आयोजित किया जाएगा, वहीं एफआईएच हॉकी5 पुरुष विश्व कप 28 जनवरी से शुरू होगा और 31 जनवरी को समाप्त होगा।

भारतीय महिला टीम का नेतृत्व अनुभवी गोलकीपर रजनी एतिमारपु करेंगी और उप कप्तानी डिफेंडर महिमा चौधरी करेंगी। टीम में दूसरे गोलकीपर के रूप में बंसारी सोलंकी और डिफेंडर के रूप में अक्षता अबासो ढेकाले और ज्योति छत्री शामिल हैं। मिडफील्डरों में मारियाना कुजूर और मुमताज खान को नामित किया गया है जबकि अजमीना कुजूर, रुताजा दादासो पिसल और दीपिका सोरेंग को फॉरवर्ड के रूप में नामित किया गया है।

भारतीय महिला टीम को नामीबिया,





पोलैंड और संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ पूल सी में रखा गया है। एफआईएच हॉकी5 महिला विश्व कप में कुल 16 टीमें भाग लेंगी जिसमें पूल ए में फिजी, मलेशिया, नीदरलैंड और मेजबान ओमान शामिल हैं जबकि पूल बी में ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, यूक्रेन और जाम्बिया हैं और पूल डी में न्यूजीलैंड, पराग्वे हैं ,थाईलैंड और उरुग्वे हैं ।टीम चयन के बारे में बोलते हुए, कोच सौंदर्या ने कहा, टीम में युवा खिलाड़ी शामिल हैं जिनके पास पर्याप्त अंतरराष्ट्रीय अनुभव है और हॉकी 5 के विश्व कप जैसे प्रतिष्ठित आयोजन में खेलने की चुनौतियों की समझ है। हम अच्छी तरह से तैयार हैं और टूर्नामेंट से पहले उत्साहित हैं। इस बीच, भारतीय पुरुष टीम में अनुभवी फा-रवर्ड सिमरनजीत सिंह, ओलंपिक कांस्य पदक विजेता, डिफेंडर मनदीप मोर के साथ टीम का नेतृत्व कर रहे हैं जिन्होंने इस प्रारूप में भारत के लिए अच्छा प्रदर्शन किया है। टीम में गोलकीपर सूरज करकेरा और प्रशांत कुमार चौहान शामिल हैं। डिफेंस में मंजीत के साथ मंदीप मोर भी शामिल होंगे। मिडफील्ड में मोहम्मद राहील मौसीन और मनिंदर सिंह हैं जबकि फारवर्ड लाइन में कप्तान सिमरनजीत के साथ पवन राजभर, गुरजोत सिंह और उत्तम सिंह शामिल हैं।

पूल बी में समूहीकृत भारतीय टीम नॉकआउट दौर में जगह बनाने के लिए मिस्त्र, जमैका और स्विट्जरलैंड के खिलाफ खेलेगी। मैदान में अन्य टीमों में पूल ए में नीदरलैंड, नाइजीरिया, पाकिस्तान और पोलैंड शामिल हैं और पूल सी में ऑस्ट्रेलिया, केन्या, न्यूजीलैंड, त्रिनिदाद और टोबैगो शामिल हैं जबकि पूल डी में फिजी, मलेशिया, ओमान और संयुक्त राज्य अमेरिका शामिल हैं।


जयन्त

संस्थापक
नरेन्द्र उनियाल
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक और
सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
द्वारा जयन्त प्रकाशन डिग्री कॉलेज रोड़, जौनपुर कोटद्वार गढ़वाल (उत्तराखण्ड) से मुद्रित तथा जयन्त कार्यालय चन्द्रसिंह गढ़वाली मार्ग, गैरसैंण, जनपद चमोली उत्तराखण्ड से प्रकाशित
RNI No.UTTHIN/2005/16338